हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार 6 मई 2026

तापमान

अधिकतम 38.5 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

12 जर्जर पानी टंकी को डिसमेंटल करने ...



13 पाटन क्षेत्र में उप मुख्यमंत्री साव ने करोड़ों रुपए ...





### खबर संक्षेप

## सुपेला में अवैध शराब बेचने वाला गिरफ्तार



**भिलाई।** अवैध रूप से शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि आकाश गंगा मार्केट जीई रोड सुपेला के पास शराब बेचा जा रहा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर युवक को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम जलेबी चौक कैम्प 1 निवासी बृजेश कुमार जयसवाल बताया है। उसके पास से पुलिस ने विभिन्न ब्रांड के कुल 8.150 बल्क लीटर शराब जब्त किया गया है। शराब की कीमत कुल 2690 रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## कार की ठोकर से मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई है। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि वंडर सिटी के सामने तेज रफ्तार कार सीजी 04 एमव्ही 0554 के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए जूपिटर सीजी 07 बीबी 1224 को चपेट में लिया। जिसमें रविशंकर पाण्डेय सवार थे। वो मोतीपुर सांकरा से अमलेश्वर की ओर वाहन से जा रहे थे। जिनकी हादसे में मौत हो गई। उनके दामाद राकेश कुमार पाण्डेय ग्रीन अर्थ सिटी अमलेश्वर में निवास करते है। हादसे की खबर मिलने पर मौके में पहुंचे। हादसे में रविशंकर पाण्डेय सड़क पर गिर पड़े थे। उनके सिर और पैर में गंभीर चोट आई। चोट इतनी गंभीर थी कि मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। कार चालक के खिलाफ शिकायत के बाद पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। बहरहाल पुलिस इस मामले में विवेचना कर रही है। घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसकी भी जांच की जा रही है।

### तापमान लुढ़का, दो दिन और ऐसा ही रहेगा मौसम

# उमसभरी गर्मी, शाम को अंधड़ के साथ बारिश, बिजली भी रही बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मंगलवार को मौसम के अलग-अलग तेवर देखने मिला। सुबह से दोपहर तक तेज धूप और उमसभरी गर्मी रही। शाम होते ही अचानक मौसम बदला और अंधड़ के साथ बारिश होने लगी। करीब आधे घंटे तक हल्की बारिश होती रही। जिसकी वजह से पारा लुढ़क गया है। पारा दिनभर चढ़ा रहा लेकिन बारिश की वजह से करीब चार डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। ट्विनसिटी के लोगों ने भरी गर्मी से राहत महसूस की। जैसे की अंधड़ शुरू हुई बिजली भी बंद कर दी गई। दुर्ग-भिलाई सहित टाउनशिप क्षेत्र में करीब एक घंटे तक बिजली बंद की गई। जिसकी वजह से लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ी। मार्केट अंधेरे में डूब गया। मौसम विभाग के हिसाब से आने वाले दो दिनों तक मौसम में इसी तरह उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी।




### अचानक बारिश से जहां-तहां रूके लोग

शाम को पहले बदली छाई रही। उसके बाद तेज हवाएं चली। थोड़ी देर में बारिश भी शुरू हो गई। इस समय ट्विनसिटी के लोगों का आवागमन काफी रहता है। लोग जहां-तहां बारिश से बचने के लिए रूके। सुपेला, मरोदा, दुर्ग अंडरब्रिज के नीचे बारिश से बचने के लिए सैकड़ों लोग जमा दिखे। दुकानों में भी लोग अपनी दुपहिया वाहनों का खड़ी कर बारिश थमने का इंतजार करते रहे। बारिश रूकी तब फिर से लोग अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए।

### आज भी गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की चेतावनी

मौसम विभाग के मुताबिक 6 मई को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रति घंटे 40 से 60 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। जिसकी वजह से प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी।

### दोपहर को कूलर-एसी ने काम करना किया बंद

दोपहर को ऐसी हालत थी कि कूलर और एसी भी ठीक से कूलिंग नहीं कर रहे थे। मौसम में आर्द्रता ज्यादा होने की वजह से उमसभरा वातावरण निर्मित हो गया। जिसकी वजह से बैचेनी महसूस होने लगी। मौसम के इस बदलाव का असर यह भी देखा गया कि लोग अस्वस्थ सा महसूस करने लगे। चिपचिपती और उमस गर्मी में लोगों को बेचैन किया। लोग पसीने से तर-बतर रहे।

### 38.5 डिग्री सेल्सियस पर आया पारा

दुर्ग जिले में मंगलवार को शाम को पारा 4 डिग्री सेल्सियस आ गया। इसके पहले दोपहर को पारा 38.5 डिग्री सेल्सियस था। शाम बारिश की वजह से पारा 34 डिग्री सेल्सियस पर आ पहुंचा। न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों तक अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की और गिरावट आने की संभावना बताई है।

### इस तरह चल रहा मौसम का सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ, उपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में कश्मीर और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण मध्य प्रदेश के मध्य भाग में 1.5 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है।

### इस तरह लुढ़क रहा तापमान

| तिथि | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 1 मई | 40.1 | 25.2 |
| 2 मई | 40.2 | 25.2 |
| 3 मई | 41.6 | 23.6 |
| 4 मई | 40.8 | 24.6 |
| 5 मई | 38.5 | 25.6 |

### अंधड़ के बाद शहर में घंटों रही बिजली गुल

अंधड़ शुरू होने के पहले ही बिजली बंद कर दी गई। टाउनशिप सहित भिलाई सुपेला, छावनी, रामनगर, रिसाली, मरोदा, नेवई, उमरपोटी, पाउवारा, पुरई सहित अन्य इलाकों में घंटों बिजली बंद रही। बारिश थमने के बाद भी बिजली लंबे समय तक बंद रही। जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। मौसम विभाग के मुताबिक एक द्रोणिका दक्षिण मध्य प्रदेश से बिहार तक उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका दक्षिण मध्य प्रदेश से मन्नार की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### एक-दो स्थानों में हल्की बारिश

आने वाले दो दिनों तक पूरे छत्तीसगढ़ में एक दो स्थानों पर तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान और बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। दक्षिणी छत्तीसगढ़ के एक- दो स्थानों पर अगले 5 दिनों तक हल्की बारिश के साथ आंधी-तूफान की स्थिति बन सकती है । जिससे तापमान में 2 से 3 डिग्री गिरावट आ सकती है। **-एचपी चंद्रा**, मौसम विज्ञानी, मौसम विज्ञान केंद्र छग

## चार धाम की यात्रा पर गए पूनम चंद की दुर्घटना में इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

चार धाम की यात्रा पर गए भिलाई के पीडब्ल्यूडी के सेवानिवृत्त अधिकारी पूनम चंद्र गुप्ता अपनी पत्नी भिलाई कसौधन वैश्य समाज की पूर्व अध्यक्ष अनीता गुप्ता के साथ चार धाम की यात्रा पर गए थे।



यमुनोत्री में घोड़े से चढ़ाई के दौरान घोड़े पर बैठने वाला काठी टूट जाने के कारण उनका पैर घोड़े पर लगे पैर टिकाने के लिये लगे लोहे के छल्ले में फंस गया, जिससे उनके कमर के पास की हड्डी टूट गई। उन्हें एंबुलेंस से दिल्ली लाया गया। दिल्ली के फोर्टिस हॉस्पिटल में हार्ट की सर्जरी के दौरान पल्स लो होने के कारण अचानक उनका निधन हो गया। उनकी पत्नी अनीता गुप्ता ने बताया कि सुबह चाय, बिस्किट, नाश्ता की और हंसी-खुशी बहुत सारी बातें हुईं। अपने पुत्र को पश्चिम बंगाल के रिजल्ट को भेजा। पूनमचंद गुप्ता की अंत्येष्टि भिलाई के निवास स्थान से उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

उनका पुत्र अमेरिका से रात्रि 8 बजे फ्लाइट होने के कारण रात्रि तक उनका भिलाई पहुंचना होगा। इसलिए संभवतः उनका अंतिम संस्कार 6 मई दिन बुधवार को उनके पुत्र शुभी गुप्ता के पहुंचने अंतिम संस्कार किया जाएगा। समाज के पूर्व अध्यक्ष शारदा गुप्ता ने कहा कि ने उनके निधन पर दुख व्यक्त किया है।

# कारोबारी के घर से तीन लाख कैश और जेवरात की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लोहा का स्क्रैप कारोबारी के मकान का ताला तोड़कर नगदी समेत सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। सूचना पर एसएसपी विजय अग्रवाल, सुपेला पुलिस की टीम पहुंची

■ परिवार शादी समारोह में शामिल होने गया था, सुपेला पुलिस कर रही जांच

थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का अपराध कायम कर जांच में लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि नेहरू नगर पश्चिम स्थित नेहरु नगर पश्चिम निवासी कारोबारी विनय कुमार अग्रवाल अपने परिवार के साथ पारिवारिक शादी में शामिल होने अम्रपाली सोसाइटी गए थे। विनय का उक्त मकान किराए का है। घटना सोमवार सुबह से देर रात तक की चोरी है। रात करीब 2 बजे परिवार अपने



मकान में वापस लौटा तो उनका मुख्य दरवाजा खुला पड़ा मिला। भीतर प्रवेश करते ही सारा सामान उनका बिखरा पड़ा मिला, अलमारी टूटी हुई थी। जांच में सामने आया है कि मकान में करीब तीन लाख रुपए कैश और 20-25 लाख रुपए तक के सोने चांदी के जेवरात गायब मिले है। शादी के लिए जेवर बैंक लॉकर से निकालकर कारोबारी अपने मकान में रख गए थे। चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर मकान में घुसे। पुलिस के मुताबिक मकान में चोरी करने से पहले रेकी की गई होगी। मकान में चोरी की सूचना पर एसएसपी विजय अग्रवाल, सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, क्राइम डीएसपी यदुमणि सिदार, फॉरेसिंक एक्सपर्ट की टीम, डॉग स्क्वायड, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट, सुपेला थाना प्रभारी विजय यादव, स्मृति नगर चौकी प्रभारी राजेश साहू पहुंचे।

### सीसी कैमरों को भी खंगाला, जल्द मामले के खुलासे की संभावना

पुलिस ने बताया कि आसपास में लगे सीसी कैमरों को भी खंगाला गया है। जिसमें अज्ञात चोर को लेकर पतासाजी की जा रही है। शुरुआती जांच में 20 से 25 लाख रुपए की चोरी का संदेह है। इसके अलावा फिंगरप्रिंट की टीम ने भी फिंगरप्रिंट वगैरह भी जांच की गई है। अज्ञात आरोपियों की पतासाजी और मशरूका बरामद के लिए एक टीम बनाई गई है। जिसमें थाना सुपेला के कर्मी और एसीसीयू शामिल है।



# खुले में शराब सेवन और हुड़दंग करने वालों पर पुलिस सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अड्डेबाजी, खुले में शराब सेवन और हुडदंग करने वालों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरु किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि थाना क्षेत्रों में अड्डेबाजी,सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों को के खिलाफ अभियान चलाकर 51 प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 11:30 बजे तक मोबाइल पेट्रोलिंग के माध्यम से बाजार, सार्वजनिक स्थलों, संवेदनशील क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस द्वारा जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अड्डेबाजी, खुले में शराब सेवन पर कार्रवाई किया जा रहा है। अभियान के तहत मोबाइल पेट्रोलिंग इकाइयों द्वारा



प्रमुख बाजार क्षेत्रों, चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों,संवेदनशील स्थानों में सघन चेकिंग की जाती है। थाना क्षेत्रों में सुपेला में 12, जामुल 10, छावनी 08, कुम्हारी 04, खुर्सीपार 4, उतई 3, भिलाई नगर 2, पुलगांव 2, वैशाली नगर 2, दुर्ग 2,नगपुरा 2 प्रकरण दर्ज किया गया है। इस दौरान डायल-112 के कर्मियों की अहम भूमिका रही है।

## पराली जलाने वाले किसानों पर होगी कार्रवाई, प्रशासन ने जारी किए निर्देश

**दुर्ग।** जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने खेतों में फसल अवशेष पैरा या भूसा जलाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के नियमों का उल्लंघन करने वाले किसानों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कृषि अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि फसल अवशेष जलाने से न केवल वायु प्रदूषण फैलता है, बल्कि मिट्टी की ऊपरी 15 सेमी परत में मौजूद लाभदायक सूक्ष्मजीवी भी नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उपजाऊ क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। आंकड़ों के अनुसार, 1 टन धान के अवशेष जलाने से लगभग 5.5 किलो नाइट्रोजन, 2.3 किलो फास्फोरस और 25 किलो पोटैशियम जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व जलकर नष्ट हो जाते हैं। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के हित में फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें। इसके विकल्प के रूप में हैप्पी सीडर और जीरो सीड-कम-फर्टिलाइजर ड्रिल जैसे आधुनिक यंत्रों के उपयोग की सलाह दी गई है।

# सिम फर्जीवाड़ा, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मोबाइल सिम बेचकर फर्जीवाड़ा करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि रिसाली ग्राम ढोल चौक निवासी बीटेक छात्र आयुष ताम्रकार ने पुलिस में शिकायत किया था। जिसमें उसने पुलिस को बताया कि 5-6 माह पहले मोबाइल दुकान संचालक लक्ष्मी नगर रिसाली निवासी टी. भार्गव मैत्री नगर स्थित अपनी दुकान पर लेकर गया। जहां उसके नाम से सिम कार्ड जारी कराया गया और 200 रुपए भी लिया। लेकिन सिम उसे नहीं दिया गया। जब पुलिस जांच में जुटी तो कई खुलासे भी हुए। आरोपी ने सिम को खुद रखकर अपने साथियों इंदिरानगर, उतई निवासी ज्ञानेश मंडावी,रिसाली हर्षित साहू, खुर्सीपार दीपक प्रजापति को को अधिक रकम में बेचता था। अपने नेटवर्क के जरिए सिम



कार्ड का उपयोग अवैध आर्थिक लेन-देन में किया जा रहा था। हर सिम पर 400-500 कमीशन लिया जाता था। इस तरह एक संगठित गिरोह सिम के लिए काम कर रहा था। जबकि फैजान कुरैशी अब भी फरार है, जिसकी खोजबीन में पुलिस जुटी हुई है। आरोपियों के पास से 3 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। इस गिरोह द्वारा 40 से 50 सिम कार्ड अलग-अलग लोगों के नाम से लेकर उनका गलत इस्तेमाल भी किया जा रहा था। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है। इससे जुड़े लोगों को बेनकाब करने में जुटी हुई है। पुलिस डिजिटल साक्ष्य को लेकर जांच में जुटी हुई है।




### अजीनोमोटो के जरूरत से ज्यादा उपयोग से कई बीमारियों का खतरा

# सेहत से खिलवाड़, फास्ट फूड सेंटरों में अजीनोमोटो का बेखौफ इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर के फास्ट फूड सेंटरों में स्वाद बढ़ाने के नाम पर अजीनोमोटो का खुला इस्तेमाल किया जा रहा है। चाइनीज फूड से लेकर मोमोज, चाउमीन और सूप तक, ज्यादातर दुकानों में इसका धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। जिस चीज से स्वाद बढ़ता है, वही धीरे-धीरे लोगों की सेहत पर गंभीर असर डाल रही है।

दुकानों में करीब 180 रुपए किलो बीकने वाला अजीनोमोटो जिसे मोनोसोडियम ग्लूटामेट एमएसजी कहा जाता है, खाने में उमामी स्वाद बढ़ाने के लिए डाला जाता है। कम मात्रा में इसका इस्तेमाल सुरक्षित



माना जाता है, लेकिन शहर के कई फास्ट फूड स्टॉल में इसका जरूरत से ज्यादा उपयोग किया जा रहा है। खासकर युवाओं और बच्चों के बीच इसकी खपत तेजी से बढ़ी है, जो चिंता का बड़ा कारण बनता जा रहा है। भिलाई में ज्यादातर फास्ट फूड सेंटर बिना किसी नियंत्रण या निगरानी के चल रहे हैं। न तो वहां इस्तेमाल होने वाले मसालों की जांच होती है और न ही यह देखा जाता है कि खाद्य सामग्री सुरक्षित है या नहीं। कई दुकानदार कम लागत में ज्यादा स्वाद देने के लिए अजीनोमोटो का सहारा लेते हैं, जिससे ग्राहक अनजाने में स्वास्थ्य जोखिम उठा रहे हैं। खास बात यह है कि ज्यादातर ग्राहकों को यह तक नहीं बताया जाता कि उनके खाने में अजीनोमोटो मिलाया गया है। लोग स्वाद के चक्कर में बार-बार वही खाना खा रहे हैं, लेकिन इसके दुष्परिणाम से पूरी तरह अनजान हैं। शहर में खाद्य सुरक्षा विभाग की निगरानी और सख्त कार्रवाई की जरूरत महसूस की जा रही है, ताकि लोगों को सुरक्षित और शुद्ध भोजन मिल सके।

### नर्वस सिस्टम पर पड़ता है असर

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं कि अधिक मात्रा में अजीनोमोटो लेने से सबसे पहले असर नर्वस सिस्टम पर पड़ता है। कई लोगों को सिरदर्द, चक्कर आना, घबराहट और पसीना आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। कुछ मामलों में सीने में जकड़न और दिल की धड़कन तेज होने की शिकायत भी सामने आती है। इसके अलावा, लंबे समय तक लगातार सेवन करने से शरीर का मेटाबॉलिज्म प्रभावित हो सकता है। इससे मोटापा बढ़ने का खतरा रहता है, खासकर उन लोगों में जो नियमित रूप से फास्ट फूड खाते हैं। बच्चों में इसका असर और ज्यादा गंभीर हो सकता है, क्योंकि उनका शरीर तेजी से विकसित हो रहा होता है। कुछ रिसर्च में यह भी सामने आया है कि अजीनोमोटो का अत्यधिक सेवन आंखों और दिमाग पर असर डाल सकता है, जिससे ध्यान केंद्रित करने में दिक्कत और थकान महसूस हो सकती है। हालांकि, सीमित मात्रा में इसका उपयोग सामान्य तौर पर सुरक्षित माना जाता है, लेकिन अनियंत्रित सेवन जोखिम बढ़ा देता है।

### की जाएगी कार्रवाई

जिले में सही दवा शुद्ध आहार के तहत अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत फास्ट फूड दुकानों की जांच कर अधिक मात्रा में अजीनोमोटो इस्तेमाल करने वाले संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी।

**-जितेन्द्र नेले,** अभिहित अधिकारी, खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग दुर्ग

### स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक

अजीनोमोटो का अधिक सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। गर्भवती महिलाओं के लिए इसका सेवन हानिकारक हो सकता है क्योंकि यह भ्रूण के विकास को प्रभावित करता है। सबसे अनुरोध है की इसका सेवन कम या बंद करना ही बुद्धिमानी होगी ।

**-डॉ. शिखर अग्रवाल,** विशेषज्ञ



## खबर संक्षेप



### सुशासन तिहार के दौरान 23 की बनाई गई आभा आईडी

**भिलाई।** भिलाई-चरोदा निगगम के उमदा वार्ड में आयोजित सुशासन तिहार मे स्वास्थ्य विभाग के स्टाल शिविर का कलेक्टर अभिजीत सिंह ने निरीक्षण किया। अभिजीत सिंह ने आभा आईडी बनाने की जानकारी ली। शिविर में 23 लोगों का आभा आईडी बनाई गई। कलेक्टर ने अपने समाने एक हितग्राही का आभा आईडी बनवाया। लोगों से अपील करते हुए कहा कि आभा आईडी प्रत्येक व्यक्ति को बनाना चाहिए। उसमें उस व्यक्ति की हेल्थ संबंधित सम्पूर्ण जानकारी रहती है, जिससे किसी भी स्वास्थ्य केंद्र मे देखकर चिकित्सको को इलाज उपलब्ध कराने में सहयोग तथा मरीजों की पूर्व की स्वास्थ्य की स्थिति का पता चलता है। बीईटीओ सैय्यद असलम ने कहा कि सुशासन तिहार स्वास्थ्य शिविर मे कुल 34 लोगों ने जांच की। 7 गर्भवती की जांच, 1 हितग्राही को निश्चय पोषण आहार किट दिया गया। कलेक्टर ने शिविर मे आने वाले लोगों को एनसीडी कार्यक्रम अंतर्गत बी पी, शुगर की स्क्रीनिंग कर पोर्टल में दर्ज करने निर्देश दिए। शिविर में 34 लोगों ओरल कैंसर का, 32 लोगों का बीपी स्क्रीनिंग ओर 7 महिलाओं की ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रीनिंग किया गया। एक बीपी मरीज व एक नया शुगर मरीज का सत्यापन किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त डीएस राजपूत, एसडीएम महेश सिंह राजपूत, चिकित्सक डॉ. ज्योति देवांगन, आर विश्वास, सीपीएम विवेक मिंज सहित अन्य मौजूद थे।

### सेल में उभरती प्रौद्योगिकियों के प्रति किया जागरूक



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के भिलाई मैनेजमेंट डेवलपमेंट सेंटर (बीएमडीसी) में समर्थ – सेल में उभरती प्रौद्योगिकियों एवं डिजिटल परिवर्तन के प्रति जागरूकता कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्मिकों को प्रबंधन के प्रति जागरुक किया गया। महाप्रबंधक सौरभ वार्ष्णेय ने प्रतिभागियों को पाठ्यक्रम मॉड्यूल के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने तथा व्यावहारिक डिजिटल जागरूकता विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। सहायक महाप्रबंधक आर के पटेल व वरिष्ठ प्रबंधक शिव कुमार संकाय सदस्य के रूप में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करेंगे। व्यावहारिक दृष्टिकोण से प्रतिभागियों को विषयवस्तु को बेहतर ढंग से समझने तथा अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इस कार्यशाला में कुल 26 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। तक मॉड्यूल की समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। प्रतिभागी इस मंच का उपयोग अपनी शंकाओं के समाधान, पाठ्यक्रम की गहन समझ तथा अधिगम को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने के लिए करेंगे।

# जर्जर पानी टंकी को डिसमेंटल करने ब्लॉक किए वॉल्व में लीकेज, 9 टंकियों से सप्लाई वाले 28 वार्डों में 24 घंटे से नहीं आया बूंदभर पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शहर के 28 वार्डों में पिछले करीब 24 घंटे से लोगों को बूंदभर पानी नहीं मिला। निगम के जलकार्य विभाग की लचर व्यवस्था का खामियाजा शहर की जनता को भुगतना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक पिछले 4 दिनों से पुराने वॉल्व में लीकेज था। वॉल्व को 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट की पुरानी जर्जर टंकी को तोड़ने के दौरान ब्लॉक किया गया था। वॉल्व जमीन से करीब 10 फीट नीचे था, लीकेज की वजह से लगातार उसमें पानी भर रहा था। इस समस्या के निराकरण के लिए निगम के जलकार्य विभाग ने 4 मई को शुरुआत की। मंगलवार को पूरे दिन मेंटेनेंस का काम किया गया। इस दौरान राइजिंग पाइप को काटकर डायरेक्ट पानी की टंकी से जोड़ने का काम किया गया। काम शाम करीब 6 बजे तक चला। इस दौरान शंकरनगर, शक्तिनगर, हनुमान नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, पद्मनाभपुर, शनिचरी बाजार, शिक्षकनगर, गिरधारी नगर सहित 9 टंकियों में पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। इसके कारण शहर के करीब 28 वार्डों में पानी की सप्लाई बुरी तरह प्रभावित रही। खबर है कि मंगलवार देर रात कर पानी पहुंचने की संभावना कम है। बुधवार यानी 6 मई की सुबह ही पानी सप्लाई स्थिति समान्य हो सकेगी। पेयजल के बिगड़े हालात को लेकर मंगलवार की सुबह महापौर अल्का बाघमार मौके पर पहुंची। उन्होंने अधिकारियों से पूरे मामले की जानकारी ली। व्यवस्था को जल्द से जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

## भीषण गर्मी में गहराया जलसंकट : जानकारी के बाद महापौर पहुंची फिल्टर प्लांट



### लीकेज की जगह से पानी निकालने में परेशानी

जानकारी के मुताबिक वॉल्व के जिस जगह पर लीकेज सामने आया, वह जमीन से करीब 10 फीट नीचे था। पानी को खाली करने और मेंटेनेंस करने में निगम के जलकार्य विभाग को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पाइपलाइन को ब्लॉक करने के बाद भी पाइप में जमा पानी लीकेज के स्थान से बार-बार बाहर आ रहा था। इस वजह से लीकेज के मेंटेनेंस में निगम के अमले को खासी मशक्कत करनी पड़ी। अधिकारियों ने बताया कि मेंटेनेंस कर लिया गया है। टंकी में जलभराव शुरू कर दिया गया है। सभी टंकियों को भरने में करीब 7 घंटे का समय लगता है। संभव है कि रात 10 बजे तक सभी टंकियों को भर लिया जाएगा। इस दौरान जहां संभव हो सकेगा, पेयजल की आपूर्ति की जाएगी।



### पानी सप्लाई सामान्य करने पूरे दिन जुटा रहा निगम का जलकार्य विभाग

जानकारी के मुताबिक 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में लीकेज की बड़ी समस्या उत्पन्न होने के कारण शहर के कई वार्डों में बीते शाम से पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही। उक्त समस्या के निराकरण का काम मंगलवार को पूरे दिन जारी रहा। महापौर दो घंटे से ज्यादा समय मौके पर डटी रहीं। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वॉल लीकेज की समस्या को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से दूर किया जाए, ताकि शहरवासियों को जल्द से जल्द सुचारू पेयजल आपूर्ति मिल सके। उन्होंने कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के भी निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त सुमित अग्रवाल, जल कार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, एमआईसी सदस्य चंद्रशेखर चंद्राकर, काशीराम कोसरे, अरुण सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### वार्ड 59 एवं 60 में पानी सप्लाई के दौरान बंद रहेंगे बिजली कनेक्शन

वार्ड 59 हरिनगर एवं वार्ड 60 कातुलबोर्ड क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी के कारण पेयजल की खपत में अत्यधिक वृद्धि हो गई है। इसके चलते टुल्लू पंपों के बढ़ते उपयोग से जलापूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे विशेषकर अंतिम छोर के नागरिकों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। स्थिति के समाधान हेतु निगम प्रशासन द्वारा आवश्यक निर्णय लिया गया है। निर्धारित जलापूर्ति समय के दौरान संबंधित क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई अस्थायी रूप से बंद रखी जाएगी, ताकि जल वितरण सुचारू रूप से हो सके और सभी नागरिकों को समान रूप से पानी उपलब्ध कराया जा सके। इसे देखते हुए सुबह 8:30 बजे से सुबह 9:30 बजे तक इस व्यवस्था का उद्देश्य जलापूर्ति प्रणाली को संतुलित करना एवं नागरिकों को पेयजल संकट से राहत प्रदान करना है। इस दौरान निगम की टीम मौके का निरीक्षण भी करेगी।

## पचास साल बाद भी रहवासी एजबेस्टस शीट की छत वाले आवासों में रहने मजबूर

# भीषण गर्मी में तप रहे हजारों ट्यूबलर शेड वाले क्वार्टर, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

टाउनशिप के वर्षों पुराने आवासों की मरम्मत नहीं होने का खामियाजा हजारों रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में ट्यूबलर शेड क्वार्टरों में रहना लोगों को मुश्किल हो रहा है। हजारों आवासों की एजबेस्टस की शीट गर्मी की तरह तप रही है। कई बार रहवासियों और यूनियनों की की बीएसपी प्रबंधन से मांग के बाद भी समस्या वर्षों बाद भी जस की तस बनी हुई है।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के दौरान साठ के दशक में विकसित हुई टाउनशिप के अधिकतर आवास जर्जर हो चुके हैं। सबसे खराब स्थिति कई सेक्टरों में स्थित ट्यूबलर शेड क्वार्टरों की है, जिनकी छत एजबेस्टस की होने से गर्मी बढ़ने के साथ ही गर्म हो जाती है। रहवासियों ने बताया कि सुबह नौ दस बजे से ही मकानों की छत तपने से भारी गर्मी के कारण रहना मुश्किल हो जाता है। पचास, साठ साल बाद भी बीएसपी ट्यूबलर शेड क्वार्टरों की छत को लेंटर में तब्दील नहीं कर पाया है। सेक्टर 7, सेक्टर 4 और सेक्टर 8 आदि में हजारों ट्यूबलरशेड क्वार्टर हैं। हर साल गर्मी के मौसम में चार महीने इन मकानों में रहना परिवार के लिए तकलीफदेह होता है। कई क्वार्टरों की छत टूट चुकी है और दरारें आ चुकी हैं। तेज बारिश होने पर छत से इतनी भड़भड़ आवाज आती है कि आपस में कौन बात कर रहा है और टीवी की आवाज भी नहीं सुनाई देती है। मकान भी तंग हैं, जो सिर्फ दो कमरे ही हैं। सभी ट्यूबरशेड मकानों की छत लैंडर किए जाने की जरुरत है।

## यूनियनों ने की संधारण व बड़े आवासों की मांग



### संधारण और बड़े आवासों की दरकार

टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों मे स्थित ट्यूबलर शेड क्वार्टर तीन हजार से अधिक हैं। अधिकतर जर्जर हो चुके हैं। रहवासियों ने बताया कि ट्यूबलर क्वार्टर पचास साल पूर्व बनाए गए थे, जिनमें शुरु में अधिकतर ट्रेनीज रहते थे या परिवार में एक दो सदस्य ही थे। लेकिन आज रहवासियों के 4 से 7 सदस्य यहां निवास कर रहे हैं। मात्र दो छोटे कमरों के आवास में इतने लोगों का गुजारा बहुत कठिन हो रहा है। यूनियनों द्वारा प्रबंधन से आज की जरुरत के अनुसार टो बीएचके व थ्री बीएचके नए क्वार्टरों के निर्माण की मांग की जा रही है। ताकि उत्पादन के नित नए कीर्तिमान स्थापित करने वाले बीएसपी कर्मचारी परिवार से साथ सूकून से रह सकें।

### बारिश में घरों में भर जाता है पानी व कचरा

टाउनशिप के ट्यूबरल शेड क्वार्टरों में भारी गंदगी और बारिश में जलभराव की समस्या भी लाइलाज हो चली है। वर्षों से बेकलेन की सफाई नहीं कराने से सेक्टर 7 में सभी आवासों के पीछे भारी कचरा जमा हो गया है। भारी गंदगी और दुर्गंध से वाशिंदों का रहवास मुश्किल हो चला है। बदबू से बचने कई लोग पीछे का दरवाजा स्थाई रुप से बंद रखते हैं। रहवासियों ने बताया कि बरसात के मौसम में अधिक पानी गिरने पर पीछे और सामने से घर के अंदर रसोई व कमरों पानी भर जाता है। पानी के साथ कचरा और सांप, पताड़ा, मेंढक आदि भी घुस आते हैं। कई लोग बाल्टियों या मोटरपंप लगागर पानी निकालते हैं। कई बार शिकायत के बाद भी सफाई नहीं हुई है। महीनेभर बाद फिर बारिश शुरु होने वाली है।

## मंत्री गजेन्द्र के कार्यालय में झालमुरी बांटकर मनाया जश्न



**दुर्ग।** पश्चिम बंगाल, असम और पांडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव के गंजपारा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ झालमुरी बांटकर जीत का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं समर्थक उपस्थित रहे और एक-दूसरे को बधाई देते हुए अपनी खुशी व्यक्त की। गजेन्द्र यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय जन-जन के विश्वास, कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम एवं शीर्ष नेतृत्व के दूरदर्शी मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल एक राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि देश की जनता द्वारा विकास, सुशासन और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का स्पष्ट संदेश है। इस दौरान गंजपारा कार्यालय में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया, आतिशबाजी की और एक-दूसरे को झालमुरी और मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की।

## तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर विधायक ललित चंद्राकर के निवास में मना जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पश्चिम बंगाल, असम और पांडुचेरी राज्य में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में

- जमकर हुई आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों के साथ कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

मंगलवार को दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के निवास कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने उनके साथ जीत का जश्न मनाया। आतिशबाजी एवं ढोल-नगाड़ों के साथ कार्यकर्ताओं ने सभी को बधाई दी। चंद्राकर ने कहा यह जीत त्याग, तपस्या और अडिग विश्वास की सच्ची जीत है, जो जन-जन के भरोसे और समर्पण का प्रतीक है।



उन्होंने कहा, मुझे यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि पश्चिम बंगाल के मंतेश्वर विधानसभा क्षेत्र में संगठन के निर्देश पर मुझे 40 दिन तक प्रवास कर काम करने का अवसर मिला। वहां की जनता से सीधा संवाद कर, घर-घर जाकर मोदी की गारंटी और विकास की योजनाओं को पहुंचाया। मंतेश्वर विधानसभा प्रत्याशी सैकत पंजा की विजय ने उस 40 दिन की मेहनत को सार्थक कर दिया। यह जीत वहां के बूथ स्तर के एक-एक कार्यकर्ता की जीत है। इस अवसर पर दुर्ग महापौर अल्का बाघमार, दुर्ग जिला उपाध्यक्ष मनोज सोनी, मंडल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा रितेश जैन, जिला उपाध्यक्ष महेश जैन, जिला सह संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ नरेश शर्मा, पिंटू चोपड़ा, पंकज खरिया, नागेन्द्र मोनू चौधरी विजय जैन, संदीप श्रीवास्तव, पार्षद निलेश अग्रवाल, शेखर चंद्राकर आदि मौजूद थे।

## बढ़ते जल संकट को लेकर शिकायत

**दुर्ग।** शहर में बढ़ते जल संकट और शक्ति नगर तालाब के खाली करने से जनता की परेशानी से अवगत कराया बहुत जल्दी जल संकट को दूर करने की मांग कांग्रेस ने की है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि शहर के 40 वार्ड में जल संकट की स्थिति हो गई है पानी के लिए लोग परेशान हो रहे हैं और नगर निगम दुर्ग पानी की समस्या में उदासीनता बरत रहा है । अभी पूरी गर्मी बाकी है अभी से ये हाल है तो आगे क्या होगा। शक्तिनगर तालाब को भी वर्क आर्डर होने के पहले ही सफाई के नाम से पूरा खाली कर दिया गया इतने दिनों से तालाब खाली होने से वहां की जनता को निस्तार के लिए भी समस्या आ रही है नगर निगम से लगातार शिकायत तो मांग करने के बाद भी महापौर और नगर निगम इस समस्या के लिए कोई भी समाधान नहीं कर रहे हैं। अगर जल्दी शहर में जल संकट की समस्या का निदान नहीं हुआ और कांग्रेस जनता के साथ नगर निगम के खिलाफ उग्र प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर अल्ताफ अहमद, देव श्री साहू, राय सिंह डिकोला, प्रकाश देशलहरा, राजू भाटिया, गुरदीप भाटिया, दुष्यंत देवांगन, विमल यादव, अनीश रजा, रफीक खान, प्रकाश शिवनकर, राकेश ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।



## भाजपा का प्रदर्शन चुनावी हथकंडा : मुकेश चंद्राकर



**भिलाई ।** भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने निगम में भ्रष्टाचार और अनियमितता को लेकर भाजपा के प्रदर्शन को पूर्ण रूप से चुनावी हथकंडा बताया है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों से चुप्पी साधे भाजपाइयों को अचानक निगम में भ्रष्टाचार दिखने लगा है। राज्य में अपनी सरकार है, केंद्र में अपनी सरकार है, इसके बावजूद यदि भाजपाइयों को समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरना पड़ रहा है तो यह एक विडंबना है। उन्होंने कहा कि अपनी ही पार्टी में खुलकर हो रही खेमेबाजी को छुपाने के लिए यह प्रदर्शन किया गया। लेकिन प्रदर्शन के दौरान ही उनकी गुटबाजी स्पष्ट रूप से देखने को मिली। चंद्राकर ने कहा कि डेढ़ माह पूर्व भिलाई निगम की विशेष बैठक में भाजपा पार्षदों ने ही निगम आयुक्त के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया था, जो कांग्रेस पार्षदों के सहयोग से पारित भी हो गया। यही नहीं अगले दिन भाजपाई निगम आयुक्त को हटाने कलेक्टर तक जा पहुंचे। फिर अचानक क्या हुआ कि भाजपाइयों को निगम आयुक्त पर प्यार आने लगा। निगम आयुक्त को भ्रष्टाचारी कहने वाले भाजपाइयों ने उन्हें पाक साफ बता दिया और सारा ठीकरा महापौर पर फोड़ दिया।

श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा पार्षदों में निगम आयुक्त की कार्य प्रणाली को लेकर आज भी दो गुट आमने-सामने हैं जिसे छुपाने का प्रयास प्रदर्शन के दौरान किया गया जो सबकी आंखों के सामने दिखा। भाजपाई निगम में भ्रष्टाचार और अनियमितता का जो राग अलाप रहे हैं उसके लिए डेढ़ माह पहले निगम आयुक्त और महापौर दोनों दोषी थे। लेकिन अब निगम आयुक्त को आरोपों से मुक्त कर दिया गया है। स्पष्ट है कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के कड़े निर्देश के बाद ही ऐसा किया गया। आयुक्त को लेकर भाजपा पार्षद आपस में ही जिस तरह बयानबाजी कर रहे थे वह भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को पसंद नहीं आया। और फिर पूरा खेल खेला गया लेकिन भाजपा को इसमें सफलता नहीं मिली।

## 5 एमवीए का लगाया गया नया ट्रांसफार्मर

# घोटमर्रा में ट्रांसफार्मर, 11 गांवों में मिलेगी पर्याप्त बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत अधोसरंचना को मजबूत करने की दिशा में निरंतर महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में कार्यपालक निदेशक दुर्ग क्षेत्र संजय खंडेलवाल के मार्गदर्शन एवं अधीक्षण

- 2400 से अधिक उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध बिजली

अभियंता, दुर्ग वृत्त आरके मिश्रा के नेतृत्व में साजा संभाग के देवरबीजा वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले 33/11 केवी घोटमर्रा उपकेंद्र की क्षमता बढ़ाने का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। भीषण गर्मी और बिजली की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए



विभाग ने यहां पुराने 3.15 एमवीए ट्रांसफार्मर को बदलकर 5 एमवीए का नया पावर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत (चार्ज) कर दिया है।

इस क्षमता वृद्धि से देवरबीजा क्षेत्र के 11 प्रमुख गांवों, ग्राम घोटमर्रा, हड़गांव, भेड़नी, चोटमर्रा, केछवई, कड़ई, हाड़ाहुली, कातुलबोड, मोतेसरा, रौद्र और डरजरा के लगभग 2410 घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। लंबे समय से मांग कर रहे किसानों एवं उपभोक्ताओं के लिए उक्त ग्रामों में अब विद्युत व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

इस कार्य के बाद क्षेत्र में ना केवल वोल्टेज की समस्या दूर होगी, बल्कि खेती-किसानी और घरेलू उपयोग के लिए भी पर्याप्त व गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता एसके राय एवं एमके शुक्ला, सहायक अभियंता सीएल वर्मा, जीपी बंजारे और कनिष्ठ अभियंता अभिषेक राठी सहित तकनीकी स्टाफ की विशेष उपस्थिति रही। अधिकारियों ने बताया कि इस क्षमता विस्तार के बाद अब भीषण गर्मी के मौसम में भी इस क्षेत्र में बढ़ते हुए लोड को असानी से प्रबंधित किया जा सकेगा, जिससे उपभोक्ताओं को बिजली ट्रिपिंग जैसी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

## आरोपी ट्रक चालक को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने जूपिटर सवार तीन छात्राओं को चपेट में लिया था। हादसा में एक छात्रा की मौत हो गई थी। जिसमें दो का अब भी उपचार जारी है। जामुल पुलिस ने बताया कि ट्रक सीजी 07 सीए 9607 के चालक सांई लीला धर्मकांटा जामुल निवासी राकेश कुमार पाण्डेय को गिरफ्तार किया गया। शराब के नशे में तेज रफ्तार में ट्रक को चलाते तीन छात्राओं को नंदिनी रोड, जामुल के पास ठोकर मार दी थी। जिसमें प्रीति की मौत हो गई थी। पुलिस ने चालक की जांच करने पर पता चला कि घटना के समय नशे की हालत में था। घटना 3 मई की शाम की है। ट्रक सीजी 07 सीए 9607 के चालक द्वारा वाहन को तेज रफ्तार से चलाकर वाहन को ठोकर मार दिया था।

## नालियों में गंदगी, महापौर ने सफाई के दिए सख्त निर्देश



**दुर्ग ।** महापौर अलका बाघमार ने वार्ड 59 कातुलबोर्ड हरिनगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्षद नीलम शिवेंद्र परिहार द्वारा क्षेत्र में नालियों में जमा गंदगी एवं जल निकासी की समस्या की शिकायत की। जिस पर महापौर नालियों में जमी गंदगी और अवरुद्ध जल निकासी को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि जहां-जहां नालियां क्षतिग्रस्त (डेमेज) हैं, उनका शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण रिपेयर किया जाए, ताकि पानी की सुचारु निकासी सुनिश्चित हो सके और नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए नियमित रूप से मॉर्निंग निरीक्षण किया जाए और लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर श्रीमती बाघमार ने हरिनगर के क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, पार्षद नीलम शिवेंद्र परिहार, अरुण सिंह, शिवेंद्र परिहार, सहायक अभियंता राजेन्द्र ढबाले, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, उपअभियंता पंकज साहू सहित निगम का अमला मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### माह भर में पुलिस ने 683 लोगों को खोज निकाला

**भिलाई।** ऑपरेशन तलाश के तहत माह अप्रैल में चलाए गए अभियान के तहत लापता हुए 683 को दुर्ग पुलिस ने खोज निकाला है। इनमें 295 पुरुष, 321 महिलाएं, 52 बच्चे शामिल हैं। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि बच्चों में 9 बालक और 43 लड़कियां थीं। सभी को सुरक्षित उनके परिजनों को पुलिस ने सौंप दिया है। ऑपरेशन के लिए कुल 40 टीम बनाई गई थी। बड़े थानों में दो-दो टीम और छोटे थानों में एक-एक टीम लगाई गई। हर टीम को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई थी। पुलिस ने सिर्फ छत्तीसगढ़ में ही नहीं, बल्कि दूसरे राज्यों में भी खोज अभियान चलाया। टीमों को महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, गुजरात, राजस्थान भेजा गया। इन राज्यों की पुलिस के साथ मिलकर काम किया गया। जिससे कई लापता लोगों का पता लगाया जा सका। प्रदेश के भीतर रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा जैसे जिलों में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया गया। ऑपरेशन में पुलिस ने तकनीक का भी इस्तेमाल किया। मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग, सूचना नेटवर्क, टीमों के बीच बेहतर तालमेल से काफी मदद मिली। इससे कई लापता लोगों को वीडियो कॉल के जरिए भी ट्रेस किया गया है। कई मामलों में परिवारों को अपने लापता सदस्य के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही थी। ऐसे में ऑपरेशन तलाश उनके लिए उम्मीद लेकर आया। जब लोग सुरक्षित वापस अपने घर पहुंचे तो परिवारों में खुशी का माहौल दिखा।

### मजदूर दिवस मनाया

**अंडा।** श्रमिक दिवस के अवसर पर ग्राम भरदा मे चल रहे मनरेगा कार्य के बीच मजदूरों के साथ बैठ कर जनपद पंचायत दुर्ग के पूर्व सभापति व जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष टिकेश्वरी लाल देशमुख ने बोरे बासी खाई। इस अवसर पर ग्राम की सरपंच सुनीता भारदीय, पूर्व सरपंच जयप्रकाश भारदीय, स्थानीय पंच चंद्रिका देशमुख, बंसी ठाकुर, अशोक देशमुख आदि उपस्थित थे।

## निधन

### ईश्वर प्रसाद देशमुख



**दुर्ग।** गणपति विहार बोरसी निवासी टिकरी वालेईश्वर प्रसाद देशमुख (82 वर्ष) का निधन हो गया। उन्होंने आर्मी में सेवाएं दी। दूरसंचार विभाग में उपनिरीक्षक पद से सेवानिवित्त हुए। मंगलवार उनका को आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 6मई दिन बुधवार को सुबहह 9 टिकरी अर्जुन्दा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अजय देशमुख एवं विजय देशमुख के पिताजी थे।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# पाटन क्षेत्र में उप मुख्यमंत्री साव ने करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की रखी आधारशिला

**उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने किया 995.86 लाख रुपए के कार्यों का लोकार्पण**



हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

जिले के नगर पंचायत पाटन में सुशासन तिहार-2026 अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए। उन्होंने यहां पर क्षेत्र के विकास को नई गति देने 9 करोड़ 95 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें 508.40 लाख रूपये की लागत के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और 487.46 लाख रूपये की लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इस गरिमामय कार्यक्रम के माध्यम से पाटन की अधोसंरचना को नई मजबूती प्रदान की गई। इस ऐतिहासिक अवसर में सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे। इस दौरान नगर पंचायत पाटन के जनप्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री अरूण साव को गजमाला पहनाकर स्वागत किया। विकास कार्यों के लोकार्पण के पहले उपमुख्यमंत्री साव ने विकसित कृषि संकल्प अभियान की प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो 20 मई तक गांव-गांव में जाकर कृषि संबंधित नई तकनीक एवं सरकारी की योजनाओं की जानकारी देगा और किसानों के साथ सीधा संवाद करेगा। उन्होंने शिविर का निरीक्षण किया और अधिकारियों को शिकायत एवं मांगों संबंधी आवेदनों का तत्परतापूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिये।

समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि एक ही दिन में इतने बड़े पैमाने पर विकास कार्यों का लोकार्पण पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने पिछले वर्षों की तुलना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने कम समय में अधिक कार्य किए हैं। बीते दो वर्षों में नगर पंचायत पाटन को विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग 23 करोड़ 87 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है, जिससे शहर के विकास को नई गति मिली है। सड़कों, स्वच्छता, आवास और मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना, किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, महतारी वंदन योजना के तहत 27 महीनों की राशि के भुगतान के साथ अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को साझा किया। उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि राज्य सरकार तेज गति से योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है।

### लोगों की समस्याएं सुनकर समाधान कर रही भाजपा सरकार

सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है और गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुनकर समाधान कर रही है। उन्होने स्वच्छता पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में सात निकायों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार मिला था, जिसमें पाटन को भी सम्मानित किया गया था और बिल्हा विकासखंड पहले नम्बर था। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश स्वच्छ और सुंदर बने इसके लिए राज्य सरकार योजनाबद्ध कार्य कर रही है। राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम कर रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने शहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाए रखने में सक्रिय सहयोग दें, क्योंकि बाहरी लोग सबसे पहले शहर की स्वच्छता और व्यवस्था को ही देखते हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सभी गांव और शहर में प्रधानमंत्री आवास बन रहे हैं। दो सालों में 26 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुई है। सर्वाधिक आवास छत्तीसगढ़ में बन रहे हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए राशि की मांग करने पर उन्हें आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान साव ने 487.46 लाख रुपये की कुल लागत से तैयार हो चुके जनहितकारी कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित किया।

### स्वीकृत राशि के नए कार्यों का भूमिपूजन

इसमें वार्ड क्रमांक 01 स्थित इंदिरानगर स्कूल में 70 लाख रुपये की लागत से बने अतिरिक्त कक्षों का उद्घाटन शामिल रहा। साथ ही वार्ड क्रमांक 03 में 240.16 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित व्यावसायिक परिसर सह सामुदायिक भवन और वार्ड क्रमांक 12 में महामाया मंदिर के समीप 177.30 लाख रुपये की लागत से तैयार सामुदायिक भवन का भी भव्य लोकार्पण किया गया। इसके अतिरिक्त भविष्य की जरूरतों को देखते हुए उपमुख्यमंत्री श्री साव ने पाटन के विभिन्न वार्डों में 508.40 लाख रुपये की स्वीकृत राशि के नए कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके अंतर्गत 195.89 लाख रुपये की लागत के विभिन्न 44 निर्माण एवं विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई। शहर के जल निकायों के संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए इनके सौदर्यीकरण व विकास हेतु वार्ड 01 के दुबे डबरी के लिए 50.47 लाख, वार्ड 7 के सरगबुंदिया तालाब के लिए 42.50 लाख, वार्ड 8 के बुड्ढ तालाब के लिए 81.16 लाख और वार्ड 12 के महामाया तालाब के लिए 97.53 लाख रूपये के कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इसके अतिरिक्त, वार्ड 5 में मुक्तिधाम निर्माण हेतु 22.87 लाख व डोम शेड कार्य हेतु 10 लाख तथा वार्ड 2 में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 7.98 लाख के कार्यों की भी नींव रखी गई। इस अवसर पर नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, उपाध्यक्ष निशा योगेश सोनी, सभापति लो.नि.वि. केवलचंद देवांगन, सांसद प्रतिनिधि सागर पाठक, पीआईसी सदस्य जितेन्द्र कुमार निर्मलकर, नेहा बाबा वर्मा, पार्षदगण चन्द्रप्रकाश देवांगन, पुरूषोत्तम कश्यप, अनिता सरजू साहू, उप अभियंता प्रवीण कुमार साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर विद्युत ठेका कर्मचारियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

■ रवि जांगड़े एवं महेश सेन को किया सम्मानित

नगर पालिका परिषद अम्लेश्वर स्थित प्रेस क्लब अम्लेश्वर के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर अटल परिसर के पास विद्युत विभाग के ठेका कर्मचारियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विगत 15 वर्षों से ठेकेदार के अंतर्गत कार्यरत बिजली विभाग के दो कर्मचारियों रवि जांगड़े एवं महेश सेन को शाल, श्रीफल एवं मग भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारे के साथ हुई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक परसराम साहू उपस्थित रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में शिक्षक ललित बिजौरा शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष करन साहू द्वारा की गई। वक्ताओं ने मजदूर दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रमिकों के सम्मान एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरुकता पर जोर दिया। मुख्य अतिथि परसराम साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस, जिसे 'मई दिवस' के रूप में भी जाना जाता है, हर वर्ष 1 मई को मनाया जाता है। यह दिन मेहनतकश मजदूरों और श्रमिकों के योगदान को समर्पित है तथा उनके अधिकारों की रक्षा और शोषण रोकने का संदेश देता है।

प्रेस क्लब अध्यक्ष करन साहू ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी निर्माण कार्य की नींव में मजदूर का महत्वपूर्ण योगदान होता है। मजदूर ही निर्माण कार्य को मजबूती प्रदान करता है। विद्युत कर्मी हर मौसम में अपनी जान जोखिम में डालकर सेवा देते हैं, फिर भी उन्हें अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि मजदूरों को उनका उचित सम्मान और अधिकार दिलाने में सहयोग करे। कार्यक्रम के अंत में सभी मजदूर साथियों को मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष करन साहू, उपाध्यक्ष नारायण साहू, महासचिव अश्वनी साहू, प्रेम धीवर, देवा ठाकुर सहित अन्य सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सामाजिक सद्भाव बैठक में सभी समाज के लोग हुए शामिल

**धमधा।** सामाजिक सद्भाव कार्य टोली धमधा खण्ड द्वारा महाराणा प्रताप मंगल भवन धमधा में सामाजिक सद्भाव बैठक रखा गया था। जिसमें मुख्य वक्ता चेला राम, दुर्ग जिला सामाजिक समरसता प्रमुख रहे हैं। धमधा नगर के साथ क्षेत्र के सामजिक पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। जैन समाज, धीवर, दूबेलिया तेली, मरार,ब्राम्हण, राजपूत क्षत्रिय, सोनी, कलार, सोनकर, सेन, अग्रवाल, ताम्रकार, धोबी इत्यादि समाज के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष ने बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल किए।

## माता-पिता और गुरु की बातों को विद्यार्थी तवज्जो दें, परिणाम अच्छे आएंगे : बारले

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जामगांव आर



बोर्ड कक्षाओं के वार्षिक परीक्षा 2026 परिणाम आने के बाद सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर डॉ. हेडगेवार सदन में प्रतिभावान विद्यार्थियों के माता-पिता के सम्मान के लिए समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में कक्षा 12वीं, 10वीं, 8 वीं एवं 5वीं के टॉप थ्री विद्यार्थियों के माता-पिता शामिल हुए। भगवान राम का तैल चित्र एवं श्रीफल से बच्चो के हाथों माता-पिता का सम्मान विद्यालय परिवार ने कराया।

विद्यालय में 12 वी लोमस सोनवानी 80 प्रतिशत, 10 वी नारायणी 86.5 प्रतिशत, 8 वी हुलेश साहू 76 प्रतिशत एवं 5वी अर्णव धीवर 83 प्रतिशत प्रतिभा अंक के साथ कक्षा में प्रथम रहे। सम्मान समारोह में सामूहिक स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी गई। प्राचार्य पीएल बारले ने बताया कि शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी प्रवेश जारी रहेगा। माता पिता ने बच्चों का तिलक कर सम्मान किए।

### माता-पिता की सजगता बच्चो के परिणाम में सहायक

प्राचार्य पीएल बारले ने सम्मान समारोह में कहा कि माता-पिता की सजगता पर ही गुरु का मेहनत बच्चों में प्रतिभा के रंग भरने में कामयाब होते हैं। बच्चे माता-पिता का बात ना माने तो गुरु की बात मानने की सोचना बेमानी होती है जो असफल विद्यार्थियों के परिणाम में साफ-साफ झलकता है। उन्होंने कहा कि माता-पिता की बातों को तवज्जो देने वाले विद्यार्थियो को गुरुजन मोटिवेट करने में सफल होते है। परिक्षेत्रीय साहू समाज पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने सम्मान समारोह में कहा कि जिगर के टुकड़े को संस्कारित शिक्षा दिलाकर अपना और संतान का भविष्य संवारे। केवल धन कमाने की मशीन बनाने की भूल ना करे।संस्कार विहीन संतान धनवान होकर माता पिता को रुला सकते है रोटी कपड़ा मकान के लिए मोहताज कर सकते है। वृद्धा आश्रम पहुंचा सकते है।

## भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर सांकरा में जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन



■ कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर जताई खुशी

भाजपा की तीन राज्यों में ऐतिहासिक जीत पर अमलेश्वर मंडल अंतर्गत ग्राम सांकरा में जश्न मनाया गया। इस अवसर पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष एवं सरपंच रवि सिंगौर ने कार्यकर्ताओं के साथ नंदी चौक में झालमुड़ी और मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और पार्टी की इस जीत को जनसमर्थन का परिणाम बताया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मनहरण सिंगौर, बूथ अध्यक्ष छोटू यादव, तिहारु बघेल, संजय सिंगौर (पंच), तुलाराम सिंगौर (पंच), संतोष सिंगौर, कामता सिंगौर, कृष्णा साहू, लक्ष्मी सिंगौर, यशवंत जांगड़े, उग्रसेन सिंगौर, बिदेश्वर विश्वकर्मा, दानेश्वर सिंगौर, राधे बंधे, तुलसी यादव, संभु सिंगौर, साहिल सिंगौर, कृष्णा सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित

### जितेन्द्र ने जन-जन तक पहुंचाया पार्टी का संदेश



**सेलूद।** छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा ने राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन और प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर जनवरी 2026 से मई 2026 तक दुर्गापुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में निरंतर प्रवास कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में न केवल सशक्त प्रचार-प्रसार किया बल्कि चुनाव संचालन के विभिन्न पहलुओं पर बारीकी से नजर रखकर स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बूथ मैनेजमेंट को मजबूत किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के सानिध्य में उन्होने काम किया। जितेन्द्र वर्मा ने न केवल इस क्षेत्र में, बल्कि आसपास के कई विधानसभा क्षेत्रों में भी जनसंपर्क कर पार्टी की विचारधारा और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया है, उनकी मेहनत, संगठन कौशल और समर्पण ने इस जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो कार्यकर्ता आधारित राजनीति की सशक्त मिसाल है।

### प्रदेश मंत्री वर्मा का सेलूद में स्वागत



**सेलूद।** पश्चिम बंगाल की पावन धरा में चार माह रहकर जन-जन तक संगठन एवं सरकार के संदेश को पहुंचाकर तृणमूल कांग्रेस के आतंक और भय को ध्वस्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा का पश्चिम बंगाल चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद प्रथम पाटन आगमन पर उनका फटका, फूलमाला से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया । इस दौरान खेमलाल साहू पूर्व मण्डल अध्यक्ष, दिव्या कलिहारी, खेमिन साहू पूर्व सरपंच, सोनू राजपूत, दिलीप साहू, छत्रपाल सिंह राजपूत, भोजराम यादव, रमेश देवांगन, रामाधार यादव, चित्रसेन कलिहारी आदि उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### गुरुनानक डैफोडिल स्कूल के होनहारों ने रचा कीर्तिमान



**भिलाई।** गुरुनानक डैफोडिल स्कूल के कक्षा 5वीं, 8वीं एवं 10वीं के मेधावी छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के टॉप स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 5वीं के छात्र में नमिता कुम्हार-90, उन्नति नेताम-87, साक्षी श्रीवास-86.6, नेहारिका साहू-85, काव्या कंवर-83, हर्षित यादव-83 स्मृति शाह- 82, रिशु पच्धारे- 82, उर्वशी प्रिय सय्तोड़े 82, नैना वाडेकर-80, मानवी साहू-79, योजित देवांगन-76% प्राप्त किए थे। वहीं कक्षा 8वीं से मान्यता शाह-84, उर्वशी यादव-83, हैप्पी सिंह-83, हिमांशु साहू-81, अमनदीप कौर-81, डॉली साहू-81, पार्थिव सिंह-81, नागेन्द्र ध्रुव 79, दीपांशु वर्मा-78, युवराज पांडेय 76, गैरी सिंह-76 प्रतिशत प्राप्त किए। कक्षा 10वीं से निकिता वर्मा-79, टिकेश्वर साहू-75, ओमकार दुबे-70, वैदेही खांडेकर-69, हेमंत विश्वकर्मा-67 प्रतिशत प्राप्त किए। स्कूल के प्राचार्य व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

### उदय पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ हिंदी परिषद द्वारा संचालित उदय पब्लिक स्कूल जामुल-भिलाई में बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम सराहनीय रहा। कक्षा आठवीं में तेजस साहू ने 76% (प्रथम स्थान) प्राप्त किया, तथा कक्षा पांचवी में देविका साहू 92.50% (प्रथम स्थान), शनिराज सिंह 87.50% (द्वितीय स्थान), कनिष्क चौहान ने 87% (तृतीय स्थान) प्राप्त किए। स्कूल की डायरेक्टर डॉ. अलिपा साहू ने सभी शिक्षकों एवं बच्चों को मार्गप्रशस्त करते हुए बधाई दी। प्रिंसिपल मिस तस्नीम फातिमा ने सभी शिक्षकों और बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

### मनसा कॉलेज में सहायक प्राध्यापक ममता को मिला पीएचडी की उपाधि



**भिलाई।** मनसा शिक्षा महाविद्यालय भिलाई में सहायक प्राध्यापक पद पर कार्यरत ममता पटले को हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा शिक्षा विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। ममता ने अपने शोध कार्य डॉ. तृषा शर्मा के निर्देशन में संपन्न किया। उन्होंने स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की रक्षा युक्ति व मानसिक सतर्कता का उनके आत्मविश्वास पर प्रभाव का अध्ययन विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। जिसे विषय विशेषज्ञ के द्वारा सराहा गया। उनके शोध कार्य के दौरान जो परिणाम उन्हें प्राप्त हुए वह समाज एवं शैक्षिक दृष्टिकोण से बहुत ही सराहनीय है। जिसमें विभिन्न आयामों से प्राप्त परिणामों ने सभी को एक निश्चित दिशा प्रदान किया। ममता पटले अनवरत 10 वर्षों से मनसा शिक्षा महाविद्यालय भिलाई में शिक्षा विभाग में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत है, उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर स्मिता सक्सेना, डायरेक्टर संजीव सक्सेना एवं अपनी पद प्रदर्शन डॉ. तृषा शर्मा एवं परिवार के सभी सदस्यों को बताया है।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुम्हारी

भाजपा की पश्चिम बंगाल में प्रचंड जीत के साथ ही असम और पुडुचेरी में शानदार सफलता की खुशी में कुम्हारी भाजपा मंडल ने स्टेशन चौक में पटाखे फोड़कर लोगों को मिठाइयां बांटी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिन्हा ने कहा कि भाजपा की यह शानदार जीत यह साबित करता है कि यह जनता द्वारा भाजपा पर भरोसे की जीत है। वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय ने कहा कि भाजपा का लंबा बसवास अंततः समाप्त हुआ और बंगाल की जनता ने भाजपा पर भरोसा कर बंगाल को भयमुक्त करने भाजपा को जीत दिलाई।

मिथलेश यादव ने कहा कि भाजपा की जीत से यह स्पष्ट हो गया है कि बंगाल की जनता अब भय में जीना नही चाहती यही कारण है कि उन्होंने भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिजय दिलाया। नगरपालिकाध्यक्ष मीना वर्मा ने भाजपा की इस जीत को भरोसे की जीत बताया। वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश साहू ने कहा की बंगाल अब विकास की नई गाथा लिखेगा।

### फर्जी ई चालान मामले में युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** घर पर खड़े वाहन और किसी दूसरे शहर से ट्रैफिक कानून उलंघन के लिए लगातार लोगों के पास ई चालान पहुंच रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक पिछले दो साल से कुछ ऐसी ही मामला आम्रपाली वनांचल सिटी निवासी ज्योति कांत अग्रवाल के साथ हुआ। इनके वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर इस्तेमाल कर ट्रैफिक नियम का उलंघन रायपुर में होने का झांसा दिया गया। जिसका ई चालान भिलाई निवासी के को मिलता रहा। परेशान पीड़िता ने शिकायत एसपी से करने के बाद युवक को दबोचा गया। पुलिस ने राजीव आवास रायपुर निवासी अविनाश नायक को पकड़ा गया। दो पहिया वाहन में फर्जी तरीके से सीजी 07 बीके 7848 रजिस्ट्रेशन नंबर का प्लेट लगा रखा था। यह रजिस्ट्रेशन नंबर भिलाई का था। आरोपी अविनाश नायक ने 7 नवंबर 2023 से 29 मार्च 2026 के दौरान ज्योति कांत अग्रवाल को अलग अलग कुल 11 ई चालान मिलें।

**मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स**
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता, आदेश 5 नियम 1 और 5)
वाद क्रमांक-101 A/2021 सन् 20....
प्रो. क्र. 134, 135, 136, 137/2026

न्यायालय जज (भगवान दास पनिका) द्वितीय व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला-दुर्ग (छ.ग.), आवेदक-मुरली प्रसाद, अनावेदक - सतीश यादव व अन्य। बनाम- (1) विष्णु शर्मा आ. नामालुम। (2) अनंत राम आ. नामालुम (3) दिनेश कुमार आ. नामालुम। (4) टीकू लाल चौधरी आ. नामालुम। निवासी - क्रमांक-01 से 04 तक का पता- आई.टी. आई. के पास, तालाब के पार रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)।

क्योंकि वादी / आवेदक ने आपके विरुद्ध दावा वास्ते कब्जा एवं क्षतिपूर्ति बाबत का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 14 माह 05 सन् 2026 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर / अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा ।

को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
आज दिनांक- 04/05/2026
जज
(भगवान दास पनिका) द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी
जिला - दुर्ग (छ.ग.)

**गुमशुदा**




एन. देवीका, पति एन. संगमेश्वर, उम्र 37वर्ष,रंग सावला, गोल चेहरा,कद 5फीट 6इंच, ब्राउन नाइटी पहने हुए है,निवासी क्वाटर नंबर 01/डी गली नंबर 15 सेक्टर 06 भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.)जो कि दिनांक 08.04.2026 को अपने परिवार के साथ ट्रेन 18642 दुर्ग हटिया एक्सप्रेस के कोच नंबर एस/02, बर्थ नंबर 50,51,53 में दुर्ग से हटिया तक सफरकर रही थी। दिनांक 09.04.26 को सफर दौरान रेलवे स्टेशन झारसुगुडा से ट्रेन छूटने के पश्चात अपनी सीट पर नहीं थी। आस पास के यात्रियों से पूछताछ एवं अन्य बोगी में तलाश करने पर कोई पता नहीं चला। जिस किसी सज्जन को मिले या दिखे इस नंबर पर संपर्क करे।

संपर्क- एन. हर्षवर्धन मो.7898712323
क्वा. नं. 01/डी, गली नं. 15, सेक्टर 06, भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.)

पता बताने वाले को उचित ईनाम दिया जावेगा

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मैं स्वप्नीता जोशी पति आशिष कुमार जोशी, निवासी-प्लॉट नं.-34, एमपीसीसी रोड, वंदना गैस एजेन्सी, कैलाश नगर, कुरुद, आई.ई, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) पिन-490026।

यह शपथकर्ता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम के स्वप्नीता आचार्या पिता श्री कालीदास आचार्या को त्याग कर नया नाम स्वप्नीता जोशी पति श्री आशिष कुमार जोशी, रख ली हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में मेरे नये नाम स्वप्नीता जोशी पति श्री आशिष कुमार जोशी, से ही जाना, पहचाना जावें।

स्वप्नीता जोशी पति
श्री आशिष कुमार जोशी,
निवासी- प्लॉट नं.-34, एमपीसीसी रोड, वंदना गैस एजेन्सी, कैलाश नगर, कुरूद, आई,ई, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) पिन-490026.

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
>वात रोग >घुटने के दर्द >पीठ व कमर दर्द >स्पॉन्डिलाइटिस >लिगामेंट के दर्द
>साइटिका >गोल्फ एल्बो >फ्रोजन शोल्डर >शरीर मे जकड़न
हड्डियों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



15
आध्यात्मिक जागृति से ही तनावमुक्त...

लाइव इवेंट

## माता-पिता से बेहतर काउंसलर कोई नहीं, अपने बच्चों को दें पूरा समय



**भिलाई।** टाइगर कैपिटल के सहयोग से इंडिया खेलो फुटबॉल आईकेएफ के सीज़न-6 के ट्रायल के दौरान वरिष्ठ पैरेंटिंग कोच चिरंजीव जैन ने पालकों और उभरते फुटबॉलरों से संवाद किया। उन्होंने वर्तमान समय में बच्चों की परवरिश में सामने आ रही चुनौतियों का जिक्र करते हुए पालकों को कुछ सुझाव भी दिए। आयोजकों ने बताया कि यहां 2 और 3 मई को 4 अलग-अलग सत्रों में सेक्टर-2 के फुटबॉल ग्राउंड में ट्रायल रखा गया था। जिसमें 200 से ज्यादा उभरते फुटबॉलरों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया।



ट्रायल के आखिरी दौर के बाद 3 मई की शाम पैरेंटिंग कोच चिरंजीव जैन का संवाद सत्र रखा गया। उन्होंने इस दौरान समाज में खास तौर पर बच्चों के बीच बढ़ते स्क्रीन टाइम और डिजीटल दुनिया में बढ़ती निर्भरता को बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि आज स्मार्ट फोन की लत के चलते मैदान के बजाए डिजीटल दुनिया में खेल खेला जा रहा है, जो हमारी शारीरिक और मानसिक सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक है। उन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों को सलाह दी कि दूसरों को भी खेल के लिए प्रेरित करें।

जैन ने पालकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को समय दें और उन्हें सुनने की कोशिश करें। क्योंकि किसी भी बच्चे के लिए माता-पिता से बेहतर काउंसलर कोई नहीं होता। जिस तरह किसी भी पौधे की शुरूआती अवस्था में सुरक्षा के लिए उसके चारों तरफ से घेरा लगाना जरूरी होता है, ठीक उसी तरह बच्चों को भी एक उम्र तक पैरेंट्स की जरूरत पड़ती है। इसलिए अपने बच्चों को भरपूर समय दें और उनके खानपान के साथ नींद पर भी ध्यान दें। इस दौरान कुछ पालकों और बच्चों ने सवाल पूछ कर अपनी जिज्ञासा भी शांत की।

लाइव इवेंट

## मनुष्य अपने दुखों से छुटकारा पाने अपनायें बुद्ध के आष्टांगिक मार्ग



**दुर्ग।** भारतीय बौद्ध महासभा एवं महिला सशक्तिकरण संघ के संयुक्त तत्वावधान में डॉ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती और वैशाखी पूर्णिमा व बुद्ध जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ठ अतिथियों के द्वारा शाक्य मुनि तथागत सम्यक सम्बुद्ध एवं भारत रत्न डॉ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। त्रिशरण पंचशील एवं बुद्ध वंदना का सामुहिक पाठ किया गया। कार्यक्रम मे दिलीप वासनिकर पूर्व कमिशनर रायपुर, एस. आर. कानडे राष्ट्रीय ट्रस्टी भारतीय बौद्ध महासभा, भोजराज गौरखेडे प्रदेश अध्यक्ष, संजय शेन्द्रे प्रदेश उपाध्यक्ष, बी. आर. गायकवाड प्रदेश महासचिव, प्रज्ञा बौद्ध राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला सशक्तिकरण संघ भारत, मीना नारनवरे प्रदेश उपाध्यक्ष, इन्दु ढोक जिला उपाध्यक्ष, वर्षा बागडे अध्यक्ष बुद्ध विहार सेक्टर 6, आयु. मनीष कोठारी वार्ड पार्षद, आयु. अजीत वैद्य वार्ड पार्षद सहित सभी अतिथियों का पुष्पगुछ, पंचशील दुपट्टा एवं बैच लगाकर सभी का स्वागत किया गया। इन्दु ढोक एवं प्रदेश अध्यक्ष भोजराज गौरखेडे ने भी अपने विचार व्यक्ति करते हुए कहा कि हमें आने महापुरूषों के विचारों को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिलीप वासनिकर ने कहा कि तथागत बुद्ध की शिक्षा पुरे संसार में फैली हुई है। उन्होंने विश्व को शांति का संदेश दिया, आज हमको युद्ध की नहीं बुद्ध की शिक्षा की आवश्यकता है। समारोह को संजय शेन्द्रे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सैंकड़ो सामाजिक सदस्य उपस्थित थे।



अभिनय के क्षेत्र में कलात्मक और रचनात्मक सीख के लिए ट्विनसिटी के बच्चों को मौका

# बीस दिनों तक ट्विनसिटी के बच्चे सीखेंगे रंगमंच की बारिकियां नेहरू हाउस में इप्टा का बाल और तरुण रंग प्रशिक्षण शिविर शुरू

**गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग कर कुछ कलात्मक और रचनात्मक हासिल करने की इच्छा रखने वाले ट्विनसिटी के बच्चों को अब कहां जाएं यह सोचने की जरूरत नहीं है। यदि नौनिहाल खेल खेल में रंगमंच और लोकमंच में अपनी प्रतिभा निखारना चाहते हैं तो इप्टा के नाट्य शिविर में अपनी इस बालसुलभ नैसर्गिक टैलेंट का विकास कर सकते हैं। इप्टा ( भारती जन नाट्य मंच) भिलाई का बीस दिवसीय बाल एवं तरुण रंग नाट्य शिविर आज मंगलवार से नेहरू सांस्कृतिक भवन परिसर में शुरू हो गया। 25 मई तक चलने वाले इस 28 वें नाट्य शिविर में बच्चों को रंगमंच और गीत संगीत की विधाओं की बारिकियां सिखाई जाएंगी।**



**भिलाई।** युवा कलाकार अभिनय, नृत्य, संगीत, पेंटिंग और रंगमंच के विभिनन गुर सिखाएंगे शिविर की शुरुआत आज सुबह उत्साह और जोश क माहौल में हुई। चिरपरिचित वरिष्ठ काष्ठ कलाकार श्रवण चोपकर ने की। इस अवसर पर इप्टा के वरिष्ठ रंगकर्मी राजेश श्रीवास्तव, मणिमय मुखर्जी और इप्टा भिलाई के अध्यक्ष रोशन घड़ेकर सहित भिलाई दुर्ग के कई बच्चे उपस्थिति थे। श्री चोपकर ने कहा कि कला अभिव्यक्ति का सबसे सशक्त माध्यम है और इस तरह के शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होते हैं।

शिविर की दिनचर्या के बारे में इप्टा के सचिव चारु श्रीवास्तव ने बताया कि ने बताया प्रशिक्षार्थियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन की शिविर सुबह 6 बजे से शुरु होगा। योग प्रशिक्षक अरुण पंडा योगाभ्यास कराएंगे। बाद बच्चे अपनी पसंदीता चयनित विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले 27 साल से इप्टा ने भिलाई दुर्ग के बच्चों में रंग संस्कार विकसित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। मणिमय मुखर्जी ने बच्चों का संगीत के बारे में बताया। श्री घड़ेकर ने कार्यक्रम का संचालन किया। शिविर की संचालक निकिता, गौरी व हर्ष हैं।





### युवा रंगकर्मी सिखाएंगे कला के गुर

बीस दिवसीय शिविर में इप्टा के वरिष्ठ और युवा रंगकर्मियों द्वारा बच्चों के रंगमंच की विभिन्न विधाओं के गुर सिखाएं जाएंगे। इसके अभिनय की कला व मंच की समझ,नृत्य एवं संगीत, लय और ताल का सामंजस्य, पेंटिंग में रंगों के माध्यम से रचनात्मकता की बारिकियां सिखाई जाएंगी। शिविर में रंगकर्मी नरेंद्र पटनारे, चित्रांश व सानिद आदि कलाकार नाटक सिखाएंगे। रोहित व गौरी डांस, लोकनृत्य और सेमी क्लासिकल डांस सिखाएंगे। बीस दिनों में सामाजिक व समसामियक विषयों और प्रसिद्ध साहित्यकारों की रचनाओं पर तैयार तीन नाटकों, चार लोक नृत्यों डांस चार जन गीत व लोकगीतों की प्रस्तुति 25 मई को शिविर के समापन समारोह में किया जाएगा।उद्घाटन सत्र के दौरान वरिष्ठ रंगकर्मी सुचित्रा मुखर्जी व संदीप गोखले, अंशुमान, गौरी, निकिता, लेखा बंछोर, जे श्रीनू, रोहित पाली और नीरज, आर्यन, आदर्श आदि इप्टा के रंगकर्मियों सहित शिविर में पहुंचे बच्चे शामिल थे।

## वरिष्ठ नागरिकों ने की धार्मिक यात्रा, मदकू द्वीप का भ्रमण कर पुरातात्विक अवशेषों का किया अवलोकन



**भिलाई।** वरिष्ठ नागरिक समिति मरोदा सेक्टर की ओर से धार्मिक यात्रा के तहत विभिन्न स्थलों के साथ मदकू द्वीप भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान सदस्य विभिन्न धार्मिक स्थलों तक भी पहुंचे और पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। 55 से अधिक लोगों के इस समूह में एन एल मौर्य प्रीतम सूचना एवं प्रसारण सचिव, कोषाध्यक्ष के आर देवांगन, सचिव जनकलाल साहू, अध्यक्ष उजियार सिंह पंवार, संस्थापक पी एल पाठे, पंचराम साहू और सभी पदाधिकारियों ने यात्रा की शुरुआत करते हुए चरोदा में मुक्तेश्वर शिव मंदिर एवं 51 शक्ति पीठ का दर्शन किया। समूह ने दामाखेड़ा कबीर आश्रम एवं मठ की यात्रा भी की। सदस्यों ने खारून और शिवनाथ नदी का प्रमुख संगम भी देखा। सिमगा बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के समीप लखना गांव में स्थित संगम स्थल सोमनाथ या शिवनाथ-खारून संगम के पास स्थित एक प्राचीन शिव मंदिर और धरसीवां चरोदा स्थित मंदिर भी समिति के सदस्य पहुंचे। सदस्यों ने अपनी यात्रा के पड़ाव में ऐतिहासिक पर्यटन स्थल मदकू द्वीप भी पहुंचे। समिति के सदस्य एनएल मौर्य ने बताया कि पुरातात्विक उत्खनन में यहां 10 वीं 11 वीं सदी के 19 से अधिक प्राचीन मंदिरों के अवशेष मिले हैं। इन पुरातात्विक अवशेषों का सभी ने अवलोकन किया।

## नेशनल जिम्नास्टिक्स चैंपियनशिप 2026 में छग के नवीन ने स्टील रिंग में जीता स्वर्ण पदक

**भिलाई।** जिम्नास्टिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित जूनियर एवं सीनियर नेशनल जिम्नास्टिक्स चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के ए नवीन साईं ने आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स के स्टील रिंग में स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। नवीन साईं ने जिम्नास्टिक्स के क्वालिफिकेशन राउंड में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर बेस्ट 8 में अपनी जगह बनाई थी।जिसके बाद अप्रेट्स फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक 13.067 अंको से जीता। छत्तीसगढ़ की ओर से खेलते हुए जिम्नास्टिक्स जैसे फील्ड में पदक प्राप्त करना बहुत ही कठिन परिश्रम का फल है। नवीन साईं के पदक प्राप्त होने पर छत्तीसगढ़ स्पोर्ट्स जिम्नास्टिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएस सिब्बल, सचिव शत्रुघन स्वाइन और सभी मेंबर्स ने खिलाड़ी को बधाई दी है। नवीन साई को कई वर्षों से प्रैक्टिस कराने वाले दिल्ली स्टेट के मुख्य कोच प्रवीण शर्मा साथ ही सीनियर टीम के कोच विशाल देशमुख को भी एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियों द्वारा शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस पदक से छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों, कोच और जिम्नास्टिक से जुड़े सभी लोगों को जिम्नास्टिक्स खेल में अपार संभावना दिखेगी।



जिला स्तरीय निषाद बंधु क्रिकेट प्रतियोगिता फाइनल मैच में चरोदा भिलाई परिक्षेत्र की टीम जीत हासिल की

कार्नर न्यूज

## निषाद बंधु क्रिकेट प्रतियोगिता में 13 परिक्षेत्रों से 13 टीमों ने लगाए चौके-छक्के, चरोदा भिलाई की टीम ने जीता फाइनल मैच

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज दुर्ग जिला युवा प्रकोष्ठ द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय निषाद बंधु टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम कोलिहापुरी में किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता राष्ट्र गान से शुरुआत की गई। इस अवसर पर में विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व महापौर दुर्ग शहर धीरज बाकलीवाल और जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा शामिल हुए। पहले साल आयोजित दुर्ग जिला निषाद समाज के 13 परिक्षेत्रों से 13 टीमों की निषाद बंधुओ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

फाइनल मैच चरोदा भिलाई परिक्षेत्र वर्सेस भरदा चांगोरी परिक्षेत्र के बीच हुए। जिसमें चरोदा भिलाई परिक्षेत्र के निषाद बंधुओ की टीम फाइनल मैच जीत हासिल किए। जिसमें प्रथम पुरस्कार 20 हजार रु., द्वितीय पुरस्कार भरदा चांगोरी परिक्षेत्र को 15 हजार रु., तृतीय पुरस्कार नंदकठ्ठी परिक्षेत्र को 10 हजार रु. और चतुर्थ पुरस्कार केसरा परसुडीह परिक्षेत्र को 5 हजार रु. कोमल देव निषाद और सभी विनर शील्ड खेलावन केवट द्वारा दी गई, साथ ही डॉ घनश्याम निषाद एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अशोक निषाद, राम रतन विनायक एवं टी आर केवट और संतोषी निषाद एवं सुमन निषाद द्वारा दी गई।



मेन ऑफ द सीरीज पीपरछेडी सरपंच ललिता निषाद द्वारा रेंजर्स साइकिल नवीन निषाद को दी गई।

मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ बिरेंद्र कुमार निषाद को आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य का ही माध्यम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। निषाद समाज द्वारा पहली बार इस तरह की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन करना सराहनीय पहल है।

इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष अशोक निषाद जिला अध्यक्ष डॉ. घनश्याम निषाद, उपाध्यक्ष बुधारू राम निषाद, खेलावन केवट, संतोष जलतारे, देवनाथ निषाद भोज प्रसाद निषाद मल्लेश निषाद ईश्वर निषाद चिंताराम निषाद डी आर निषाद, टी आर केवट, उमाशंकर निषाद, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार निषाद, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष राम सुख सपे, थानेश्वर निषाद, रामचंद्र निषाद, चोवा राम निषाद, विष्णु निषाद, मनहरण निषाद, अशोक निषाद, नरेंद्र निषाद, सत्रोहन निषाद, मनोहर निषाद, संजय जलतारे, धन्नु निषाद, पीपरछेड़ी सरपंच ललिता निषाद, सत्यभामा निषाद, हेमलता निषाद, मीना निषाद, कोडिया सरपंच खुमान निषाद, दिनेश सपे, भीम सिंह निषाद, वरुण निषाद, विनोद कुमार निषाद, जोगेंद्र निषाद, दानेश्वर निषाद, टीकेश्वर निषाद, सियाराम निषाद, सुदामा निषाद, ढालेश्वर निषाद, धनेश निषाद, सांतनु निषाद, नीलकमल निषाद, कौशल निषाद, केवल निषाद, युगल निषाद सहित समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।



सिटी इवेंट

# एक ही मंडप में दांपत्य सूत्र में बंधे 19 जोड़े, मिला आशीर्वाद



**दुर्ग।** सिविल लाइन स्थित विवेकानंद भवन में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम में शहर विधायक एवं केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए। इस अवसर पर गायत्री परिवार के आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हो रहे विवाह संस्कार की उन्होंने सराहना की तथा सभी नवविवाहित जोड़ों से मिलकर उन्हें सुखमय वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में 19 जोड़े एक ही मंडप में दांपत्य सूत्र में बंधे। आर्थिक रूप से कमजोर एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवारों ने इस योजना का लाभ उठाया। सामाजिक एवं धार्मिक परंपराओं के अनुरूप उल्लासपूर्ण वातावरण में यह वैवाहिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि शासन की यह महत्वाकांक्षी योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह को सम्मानजनक एवं गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। उन्होंने नवदंपत्तियों को शुभाशीष देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही शासन की ओर से प्रदत्त आवश्यक सामग्री एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वधुओं के नाम 35 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई, जिससे उनके नए जीवन की मजबूत शुरुआत सुनिश्चित हो सके।

### नवविवाहित जोड़ों को दिया गया उपहार

नवविवाहित जोड़ों को आवश्यक उपहार सामग्री प्रदान की गई। इसमें हाथ घड़ी सेट, दुल्हन के लिए पायल, बिछिया एवं श्रृंगार सामग्री शामिल रही। साथ ही दुल्हनों के बैंक खातों में 35 हजार रुपये की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से हस्तांतरित की गई, जिससे उनके वैवाहिक जीवन सम्मानजनक शुरुआत सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में सभापति श्याम शर्मा, पार्षद कांशीराम कोसरे, कमल देवांगन, मनीष कोठारी, सरस निर्मलकर, साजन जोसफ, अनिकेत यादव एवं श्रीमती सुमन वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

धर्म लाइव

# अमीर हाजी को आखिरी विदाई देने पहुंचे हजारों अकीतदमंद



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ और नागपुर विदर्भ क्षेत्र में तबलीग़ जमात के अमीर हाजी मोहम्मद असलम का इंतकाल हो गया। हाजी असलम कई दिनों से बीमार चल रहे थे। खुर्सीपार निवासी सैय्यद असलम ने बताया कि मरहूम हाजी मोहम्मद असलम के जनाजे की नमाज़ यंग मुस्लिम फुटबॉल ग्राउंड मोमिनपुरा नागपुर में उनके बेटे मौलाना अब्दुल्ला ने पढ़ाई।

नमाजे जनाजा मे निजामुद्दीन मरकज दिल्ली, बरार, महाराष्ट्र, विदर्भ और छत्तीसगढ़ के उलेमा के साथ आम लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के मुस्लिम समाज के लोगों ने हजारों की तादाद में नागपुर पहुंच कर अपनी अकीदत का इजहार किया। गौरतलब है कि तबलीग़ जमात में आध्यात्मिक स्तर पर संगठन प्रमुख अमीर का पद मशविरा से तय होता है। हाजी मोहम्मद असलम नागपुर के रहने वाले थे और तबलीग़ के काम को लेकर छत्तीसगढ़ बरार, महाराष्ट्र सहित देश विदेश में सक्रिय थे। उन्होंने बताया कि हाजी मोहम्मद असलम ने अल्लाह के दीन और हज़रत मोहम्मद सल्लु अलैहिस्सलाम की पाकीजा जिंदगी को अपनाने लोगों की सच्ची रहनुमाई की। समाज के लिए उनका दुनिया से जाना भावुक क्षण है।

# छग फिल्मों की देश में बढ़ रही डिमांड भिलाई के कलाकारों को भी मौका



**भिलाई।** अनुमोद फिल्मस के बैनर तले बनी फिल्म मोला लव होगे छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में 8 मई को रिलीज हो रही है। निर्माता निर्देशक अनुमोद राजवैद्य के अनुसार यह फिल्म छत्तीसगढ़ की सबसे अलग रोमांटिक और पारिवारिक फिल्म होगी। फिल्म में नए-नए कलाकार डेब्यू कर रहे हैं। जिसमें नायक के रूप छत्तीसगढ़ के नए स्टार आयुष राजवैद्य जो राष्ट्रीय स्तर पर अपने अभिनीत नाटकों के जरिए पहले ही अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करवा चुके हैं। फिल्म की नायिका भानुप्रतापपुर की निरांजली गोस्वामी की यह पहली छत्तीसगढ़ी फिल्म है। इसके साथ ही फिल्म में छत्तीसगढ़ के सुपरस्टार करन खान, रजनीश झांझी, संजय महानंद, पुष्पेंद्र सिंह, जागेश्वरी मेश्राम, विक्रम राज जैसे जाने-माने दिग्गज कलाकारों ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। फिल्म की कहानी व पटकथा अनुमोद राजवैध ने लिखी है। फिल्म के संगीतकार प्रदीप साठिया, ओमकार चौहान हैं। इस दौरान निर्देशक सतीश जैन समेत फिल्म के कलाकार मौजूद थे।

● ब्रह्माकुमारी संस्थान में सहकारिता विभाग के अधिकारियों का स्नेह मिलन का आयोजन

# आध्यात्मिक जागृति से ही तनावमुक्त व सुखमय जीवन संभव, दायित्वों के साथ चिंतामुक्त रहने के दिए टिप्स

दुर्ग। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के आनंद सरोवर, बघेरा स्थित केंद्र में मंगलवार को कार्यलिय संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयन सहकारी संस्थाएं दुर्ग संभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए स्नेह मिलन एवं आध्यात्मिक सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सहकारिता विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ते हुए मानसिक शांति, नैतिक मूल्यों और कार्यक्षमता में वृद्धि के लिए प्रेरित करने के लिए किया गया था। आयोजन में बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे और सभी ने इसे आत्मिक उन्नयन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। ब्रह्माकुमारी संस्था पिछले लगभग 90 वर्षों से सर्व के सहयोग से सुखमय संसार के उद्देश्य के साथ समाज में आध्यात्मिक चेतना, नैतिक मूल्यों और मानवीय गुणों की पुनर्स्थापना के लिए सतत कार्य कर रही है। वहीं सहकारिता विभाग भी समाज को आपसी सहयोग के माध्यम से आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य करता है। दोनों संस्थाओं के समान उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए यह विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, ताकि प्रशासनिक दायित्वों के साथ मानसिक संतुलन और आंतरिक शक्ति को भी विकसित किया जा सके।







### आध्यात्मिक सशक्तिकरण के लिए आत्मिक जागृति आवश्यक

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारीज दुर्ग संचालिका बीके रीटा बहन ने कहा कि आध्यात्मिक सशक्तिकरण के लिए आत्मिक जागृति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य स्वयं को केवल शरीर मानकर जीवन जीता है, तब चिंता, तनाव और दुख उत्पन्न होते हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि हम सभी अविनाशी, चैतन्य आत्माएं हैं जिनका मूल स्वभाव शांति, प्रेम और आनंद है। उन्होंने राजयोग को परमात्मा शिव से मन और बुद्धि के माध्यम से जुड़ने की सर्वोत्तम विधि बताते हुए कहा कि इसी अभ्यास से व्यक्ति अपने भीतर छिपी शक्तियों को जागृत कर सकता है और जीवन में स्थायी सुख-शांति प्राप्त कर सकता है।

### ब्रह्माकुमारी संस्था आंतरिक सशक्तीकरण का प्रभावी केंद्र

संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयन सहकारी संस्थाएं दुर्ग संभाग के मुकेश कुमार ध्रुव ने कहा कि वर्तमान जीवनशैली में घर और कार्यालय दोनों जगह तनाव की परिस्थितियां उत्पन्न होती रहती हैं, जिससे कार्यक्षमता प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा बताए गए आध्यात्मिक जीवन मूल्यों और राजयोग पद्धति को अपनाकर व्यक्ति तनावमुक्त रह सकता है तथा सकारात्मक ऊर्जा के साथ बेहतर कार्य कर सकता है। उन्होंने संस्थान के शांत वातावरण की सराहना करते हुए इसे आंतरिक सशक्तिकरण का प्रभावी केंद्र बताया। ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा ने अपने संबोधन में कहा कि शांति, खुशी और आनंद बाहरी परिस्थितियों में नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर निहित हैं। यदि व्यक्ति स्वयं को शक्तिशाली, शांत और प्रसन्न आत्मा के रूप में स्मरण करे, तो वह किसी भी परिस्थिति में मानसिक संतुलन बनाए रख सकता है। कार्यक्रम में युगल कुमार मिश्रा, अंकेक्षण अधिकारी सहकारी संस्थाएं दुर्ग संभाग सहित सहकारिता विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोजन ने प्रशासनिक सेवा में कार्यरत कर्मियों को आध्यात्मिकता के माध्यम से जीवन प्रबंधन की नई दिशा प्रदान की।

डॉ. सैमुअल हैनिमैन की जयंती

# ऑटो इम्यून रोगों में होम्योपैथी की संभावनाओं पर साझा किया विचार



**भिलाई।** संजीवनी आरोग्य वाहिनी वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में स्टील क्लब सेक्टर-8 भिलाई में होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन की जयंती श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भिलाई, दुर्ग, रायपुर सहित प्रदेशभर से बड़ी संख्या में होम्योपैथिक चिकित्सकों ने सहभागिता करते हुए डॉ. हैनिमैन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ आयुष विभाग के रजिस्ट्रार डॉ. संजय शुक्ला, डिप्टी ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. अभ्युदय शक्ति तिवारी, उद्योगपति उमेश चितलांगे सहित वरिष्ठ होम्योपैथ चिकित्सक डॉ. सत्यजीत ठाकुर, डॉ. उत्तम चावड़ा, डॉ. सुरेश शर्मा एवं डॉ. रविंद्र पाटिल उपस्थित रहे। अतिथियों ने बताया कि सैमुअल हैनिमैन की जन्म तिथि 10 अप्रैल को रहती है, जिसे ध्यान में रखते हुए सभी स्थानों में डाक्टर्स अपनी अपनी सुविधानुसार अप्रैल और मई महीने में हैनिमैन जयंती सेलिब्रेट करते है। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण नागपुर से कार्यक्रम में शामिल हुए होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. किशोर नरड का व्याख्यान रहा।

डॉ. किशोर नरड ने ऑटो इम्यून डिजीज में होम्योपैथी की सफलता विषय पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए ऑटो इम्यून रोगों में जेनेटिक प्रोटीन व्यवधान तथा उनके होम्योपैथिक उपचार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने सोरायसिस, थायरॉइड, एलोपेसिया और लिवर संबंधी जटिल रोगों के सफल उपचार संबंधी केस स्टडी प्रस्तुत कर चिकित्सकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान डॉ. संजय शुक्ला ने उच्चस्तरीय चिकित्सा व्याख्यान की सराहना करते हुए भविष्य में मेडिकल कॉलेजों में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कराने की बात कही।

सेक्टर-9 के डॉक्टरों ने दी सेवाएं

# 23वें मेगा मेडिकल कैंप में 375 मरीजों को मिला स्वास्थ्य लाभ



**भिलाई।** बीएसपी के राजहरा माइंस अस्पताल में 23वें मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से क्षेत्रीय समुदाय को उनके निवास स्थान के समीप ही बहु-विषयक विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। मेगा कैंप में भिलाई स्थित जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय और अनुसंधान केंद्र के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सहभागिता निभाई। शिविर में लगभग 375 मरीजों का परामर्श किया गया। लाभार्थियों को विशेषज्ञ परामर्श, आवश्यक जांच, उपचार और विभिन्न चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। अस्थि रोग विशेषज्ञ द्वारा 15 इंट्रा-आर्टिकुलर इंजेक्शन तथा 5 प्लास्टर जैसी आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रियाएं भी संपन्न की गईं। चिकित्सा दल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी और विभागाध्यक्ष सर्जिकल ट्रॉमा डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. चित्रा सुनोव, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. इमैनुअल मैसी, पेन मैनेजमेंट क्लिनिक डॉ. कुमुदिनी तिग्गा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कौशिक किशोर, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. प्राची मेने, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमानी गुप्ता, जनरल सर्जन डॉ. धीरज शर्मा तथा त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. शशांक अग्रवाल सहित अन्य चिकित्सकों एवं डीएनबी प्रशिक्षुओं ने सेवाएं प्रदान कीं। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विधान सरकार, सहायक प्रबंधक रेजी वेणुगोपाल एवं सहायक प्रबंधक जीतेन्द्र अजमेर्रा, फिजियोथेरेपिस्ट विकास पाण्डेय तथा डीएनबी डॉ. हर्ष प्रकाश, डॉ. साकिब अस्थि रोग, डीएनबी डॉ. पुनीति प्रसूति व स्त्री रोग, डीएनबी डॉ. ओम अग्रवाल नेत्र रोग, डीएनबी डॉ. अग्नि सिंह ईएनटी तथा कल्लोल मैती एमटी का योगदान रहा।

धूमधाम से मनाई गई 2589वीं बुद्ध जयंती, हुए सांस्कृतिक आयोजन

कार्नर न्यूज

# बुद्ध के दिए शांति संदेश को सभी करें आत्मसात खीर और पूड़ी के प्रसाद का किया वितरण

भिलाई। विश्व शांतिदूत महाकारुणिक तथागत गौतम बुद्ध की 2589वीं जयंती धम्म भूमि, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भिलाई में उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, बीएसपी जे.एल.एन. हॉस्पिटल सेक्टर-9 के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय धाबर्डे, प्रेरणा धाबर्डे, एसडीओ सिंचाई विभाग अशोक धवले, मुख्य अभियंता नगर पालिका निगम रायपुर संजय बागड़े, सुनील रामटेके अध्यक्ष ऑल पीएसयू एससी-एसटी फेडरेशन उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक रिकेश सेन ने तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करने एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण से की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने जय भीम के जयकारे लगाये और धम्म भूमि परिसर के विकास के लिए हर संभव सहयोग देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने डॉ. बाबा साहेब बुद्धिस्ट सांस्कृतिक समिति के पदाधिकारियों को कार्यालय में आमंत्रित करते हुए कहा कि गौतम बुद्ध का विश्व शांति के लिए दिया उपदेश हम सभी को आत्मसात करना चाहिए।




### उपासक-उपासिकाओं ने अपने-अपने घरों से लाए व्यंजनों के साथ सामूहिक भोजन का किया दान

विशिष्ट अतिथि डॉ. उदय धाबर्डे ने उपस्थित महिला संगठन और समिति के पदाधिकारियों को कार्यक्रम के आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए धम्म भूमि के विकास में सहयोग करने की बातें कही। प्रेरणा धाबर्डे ने उपस्थित बच्चों एवं उपासक-उपासिकाओं को प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान उपासक उपासिकाओं ने अपने-अपने घरों से लाए गए खीर और अन्य व्यंजनों के साथ सामूहिक भोजन दान का आयोजन भी किया। इस दौरान बड़ी संख्या में बौद्ध समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में धम्म भूमि के अध्यक्ष डीलेंद्र नागदेवे ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों, महिला संगठन एवं उपस्थित उपासक-उपासिकाओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बसंत धारगे, राजेश कांबले, गिरीश रामटेके, मिलिंद रामटेके, संदीप चौरे, अर्चना गजभे, शीतल मेश्राम, डॉली ऊके, वनमाला रामटेके, मेघा कांबले, स्वाति गजभिए, परिणीता नागदेवे, पूजा शेंडे, चेतना धारगे, किरण कांबले, निर्मला धारगे, मंजू सिंगाड़े, वंदना धारगे, जयश्री बागड़े, सविता चौरे एवं रंजना श्याम कुंवर सहित समाज के अन्य गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों के बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर बधाई ...

## जीत जन-जन के विश्वास, कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय जन-जन के विश्वास, कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम एवं शीर्ष नेतृत्व के दूरदर्शी मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल एक राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि देश की जनता द्वारा विकास, सुशासन और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का स्पष्ट संदेश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में जो जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं, उनसे समाज के हर वर्ग को लाभ मिला है। यही कारण है कि आज देश के विभिन्न हिस्सों में जनता भाजपा के प्रति अपना विश्वास प्रकट कर रही है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने परिवर्तन का जो संकल्प लिया है, वह आने वाले समय में राज्य को नई दिशा और विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।



श्री गजेन्द्र यादव
शिक्षा मंत्री
छत्तीसगढ़ शासन



श्री ललित चंद्राकर
विधायक दुर्ग ग्रामीण एवं
उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं
अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण

## पूरे देश में जश्न का माहौल, यह जीत देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष की सोच का परिचायक

ग्रामीण विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने कहा किपश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक विजय से पूरे देश में जश्न का माहौल है। हर तरफ आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों के साथ कार्यकर्ता झूम रहे हैं। पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक विजय कार्यकर्ता की कड़ी मेहनत का परिणाम है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की दीर्घकालीन सोच का परिचायक है। ललित चंद्राकर ने कहा यह विजय त्याग, तपस्या और अडिग विश्वास की सच्ची जीत है, जो जन-जन के भरोसे और समर्पण का प्रतीक है। पश्चिम बंगाल भाजपा के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की धरती है। आज वहां कमल का खिलना हर राष्ट्रभक्त के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा, मुझे यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि पश्चिम बंगाल के मंतेश्वर विधानसभा क्षेत्र में संगठन के निर्देश पर मुझे 40 दिन तक प्रवास कर काम करने का अवसर मिला। वहां की जनता से सीधा संवाद कर, घर-घर जाकर मोदी जी की गारंटी और विकास की योजनाओं को पहुंचाया।

## जीत का जश्न


### राष्ट्र निर्माण की दिशा में बड़ा कदम



भारतीय जनता पार्टी की जीत राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जनता ने स्थिरता और प्रगति को प्राथमिकता दी है। यह जीत जनसेवा के संकल्प को और मजबूत करेगी। हर कार्यकर्ता का योगदान सराहनीय है। देश में विकास का नया अध्याय शुरू होगा। जनता की उम्मीदें और आकांक्षाएं अब और बढ़ गई हैं। आप सभी को इस ऐतिहासिक सफलता पर शुभकामनाएं। इसी तरह देशहित में कार्य करते रहें।



आशीष चंद्राकर पार्षद, वार्ड क्रं.-11, दुर्ग

### राष्ट्र निर्माण की दिशा में बड़ा कदम

भारतीय जनता पार्टी की जीत राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जनता ने स्थिरता और प्रगति को प्राथमिकता दी है।यह जीत जनसेवा के संकल्प को और मजबूत करेगी। हर कार्यकर्ता का योगदान सराहनीय है। देश में विकास का नया अध्याय शुरू होगा। जनता की उम्मीदें और आकांक्षाएं अब और बढ़ गई हैं। आप सभी को इस ऐतिहासिक सफलता पर शुभकामनाएं। इसी तरह देशहित में कार्य करते रहें।

हम सब देश हित में
कार्य करते रहे इसी संकल्प
के साथ पुनः बधाई...



अनुप गटागट
अध्यक्ष
चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज
जिला दुर्ग

### बीजेपी की ऐतिहासिक जीत
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

भारतीय जनता पार्टी की तीनों राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी में ऐतिहासिक जीत नई ऊर्जा और उम्मीद लेकर आई है। यह परिणाम देश के उज्ज्वल भविष्य की ओर इशारा करता है। जनता ने विकास और सुशासन पर भरोसा जताया है। कार्यकर्ताओं का समर्पण इस सफलता की नींव है। अब देश में प्रगति की रफ्तार और तेज होगी। हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। इस गौरवपूर्ण क्षण पर सभी को बधाई। आगे भी इसी तरह देश सेवा करते रहें।

विकास विश्वास विजय



डॉ. प्रदीप चौधरी
प्रदेश सह-संयोजक
भारतीय जनता पार्टी, चिकित्सा प्रकोष्ठ छ.ग.
मो.- 9165855669, 9893059486

### विकास की जीत, विश्वास की जीत



मा. डोमन लाल कोर्सेवाड़ा
विधायक, अहिवारा

भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय पर हार्दिक अभिनंदन। यह जीत विकास और विश्वास की जीत है। जनता ने सकारात्मक राजनीति को अपनाया है। हर वर्ग के समर्थन ने इस सफलता को संभव बनाया। यह परिणाम नए भारत के निर्माण का संकेत है। सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत को सलाम। देश को नई दिशा और नई ऊर्जा मिलेगी। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बहुत-बहुत बधाई।



सतीश साहू
विधायक प्रतिनिधी, अहिवारा



### बिन संस्कार नहीं सहकार, बिन सहकार नहीं उद्धार

श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों को स्मरण किया
भारतीय जनता पार्टी ने आजादी के बाद इतिहास रचा।
समस्त कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं...

प्रीतपाल बेलचंदन
अध्यक्ष, जिला केंद्रीय सहकारी मर्यादित बैंक दुर्ग (छ.ग.)

### पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

पश्चिम बंगाल की पावन धरती पर भारतीय जनता पार्टी को मिली शानदार सफलता लोकतंत्र, राष्ट्रवाद और जनविश्वास की ऐतिहासिक विजय है। यह जीत उन लाखों कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत, समर्पण और संघर्ष का परिणाम है जिन्होंने दिन-रात जनता के बीच रहकर विकास एवं सुशासन का संदेश पहुँचाया।

विशेष रूप से रानीबंध विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी को लगभग 52,000 मतों से मिली ऐतिहासिक विजय अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है। इस अभूतपूर्व सफलता के लिए समस्त भाजपा परिवार, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र की सम्मानित जनता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। श्री प्रीतपाल बेलचंदन जी को विशेष रूप से हार्दिक अभिनंदन एवं बधाई, जिन्होंने रानीबंध विधानसभा में चुनाव प्रभारी के रूप में अपने कुशल नेतृत्व, संगठन क्षमता और अथक परिश्रम से इस विजय को ऐतिहासिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आपका समर्पण, कार्यकर्ताओं का उत्साह और जनता का आशीर्वाद इस जीत की सबसे बड़ी शक्ति बना। यह विजय केवल एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल में विकास, सुरक्षा, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रहित की भावना की जीत है।

स्वतंत्र भारत मे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी धरती को अखंड भारत की कल्पना करने वाले कार्यकर्त्ता महान नेता नरेंद्र मोदी, नितिन नवीन, अमित शाह जैसे कार्यकर्ताओ की पार्टी भारतीय जनता पार्टी को विजयश्री दिलाकर देश के अन्य राज्यों के भाती पश्चिम बंगाल भी भारत के विकास के मानचित्र में कतारबद्ध होने के लिए और नई पीढ़ियों के लिए बंगाल को विश्व के सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी को डॉ. श्यामा प्रसाद जी मुखर्जी के कल्पनाओं को नई पीढ़ियों के लिए बंगाल में उतारने के लिए इस विजय को डॉ. श्यामा प्रसाद जी को श्रद्धांजलि स्वरुप समर्पित करने के लिए बंगालवासियों को शुभकामनाएं। बंगाल को लेबर्स सहकारिता को पुर्नजीवित होने की अपेक्षाओं के साथ...





### ऐतिहासिक विजय पर हार्दिक बधाई

भारतीय जनता पार्टी की इस ऐतिहासिक जीत पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यह विजय जन-जन के विश्वास और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। देश की जनता ने विकास, सुशासन और स्थिरता को चुना है। यह जीत राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम है।आप सभी के समर्पण और सेवा भाव को नमन। आशा है कि आने वाले समय में विकास की गति और तेज होगी। जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना ही अब सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इसी विश्वास के साथ पुनः बहुत-बहुत बधाई।



श्रीमती कुलेश्वरी देवांगन
अध्यक्ष, जनपद पंचायत, दुर्ग